

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 25 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-177 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## एशियन गेम्सः कमलजीत-सुरुचि ने जीता दूसरा गोल्ड

**नई दिल्ली,25 सितंबर।** एशियन गेम्स 2026: भारत के लिए 25 सितंबर का दिन शूटिंग में शानदार रहा। कमलजीत और सुरुचि सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 484.6 अंक हासिल किए। इसके साथ ही भारत के खाते में एशियन गेम्स 2026 का दूसरा स्वर्ण पदक जुड़ गया। भारतीय जोड़ी ने मुकाबले की शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। फाइनल में दक्षिण कोरिया की सुह्योन होंग और गाउन चू की जोड़ी ने 478.0 अंक के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि ईरान ने 415.8 अंक के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इंडोनेशिया 349.4 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहा। गोल्ड मेडल जीतने से पहले कमलजीत और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में भी शानदार प्रदर्शन किया था। भारतीय जोड़ी ने 587 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। क्वालिफिकेशन में उनका प्रदर्शन मौजूदा एशियन रिकॉर्ड के बराबर था। फाइनल में भी भारतीय जोड़ी ने अपना दबदबा बनाए रखा और अंत में 484.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार यह स्कोर एशियन रिकॉर्ड है।

कमलजीत-सुरुचि के गोल्ड के साथ एशियन गेम्स 2026 में भारत के कुल पदकों की संख्या 19 हो गई है। इनमें 2 गोल्ड, 8 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

## पुलिस वाहन में लगी भीषण आग, जवानों ने कूदकर बचाई जान

**सुकमा,25सितंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। कुम्हाररास स्थित कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुकमा पुलिस की शासकीय वाहन में अचानक आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने कूदकर



अपनी जान बचाई। जानकारी के मुताबिक, यह घटना कुम्हाररास स्थित कलेक्टर कार्यालय परिसर के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि सुकमा पुलिस की चलती शासकीय वाहन में अचानक भीषण लपटे उठने लगी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का पता चलते ही पुलिसकर्मियों ने समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन धू-धू कर जलने लगा। हालांकि समय रहते पुलिसकर्मियों के वाहन से बाहर निकल जाने के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच के बाद ही आग लगने की वजह सामने आने की उम्मीद है।

# डीजे की आवाज से कांपते हैं मकान

**रायपुर,25 सितंबर।** डीजे यानी डिस्क जॉकी द्वारा चलाए जाने वाले म्यूजिक की तेज आवाज ने आम लोगों का जीना हराम कर दिया है। बड़े-बड़े कई साउंड बाक्स व लाउडस्पीकर में बजने वाले गाने तथा ढोल की आवाज आम लोगों को बीमार कर रही है। डीजे के कानफोड़ू आवाज व धमक से पक्के मकान कांपने लगते हैं। कमरे के अंदर छत पर कराए गए पीओपी के काम में कंपन होने लगता है। खिड़कियों के कांच हिलने लगते हें। इससे भी बुरा यह कि आवाज से हृदय के धड़कने की गति सामान्य से ज्यादा हो जाती है। छाती धक-धक करने लगता है। घर के अंदर बीमार व्यक्ति की बेचैनी बढ़ जाती है। सड़क पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। निर्धारित सीमा से ज्यादा ये आवाज वास्तव में शोर है। इससे मस्तिष्क, हृदय व कान पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अभी गणेशोत्सव के पूरे दिन डीजे व ढोल पार्टी की आवाज सड़क किनारे के मकानों में रहने वालों के लिए सजा से कम नहीं है। दिन में तो आराम है ही नहीं पूरी रात भी सो नहीं पाते हैं। यह भी मानवाधिकार का उल्लंघन है। डीजे की आवाज को निर्धारित




सीमा में बांधने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी कोई असर नहीं हुआ है। कोर्ट के आदेश का पालन कराने में सरकार व शासन दोनों विफल है। बेखौफ डीजे वालों की मनमानी चल रही है। ध्वनि विशेषज्ञों व चिकित्सकों का कहना है कि दस से 55 डेसीबल तक आवाज की अनुमति है। मानव कान के लिए 60 डेसीबल होना चाहिए। 70 से 80 डेसीबल आवाज में बहरेपन का खतरा पढ़ जाता है। सिरदर्द होने लगता है। चक्कर आता है तथा मितली आने लगती है। इससे बड़ी बात यह है कि हृदय रोग की आशंका बढ़ जाती है। 85 डेसीबल में तो कानों को नुकसान होना तय है। सौ से ऊपर डेसीबल में कानों को तुरंत नुकसान पहुंचता है। वर्तमान में डीजे की आवाज 70 डेसीबल से ज्यादा होती है। लोगों के कानों पर तेज आवाज का हमला हो रहा है। अभी गणेशोत्सव में रोज डीजे बज रहे हैं। छोटी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन यात्रा डीजे अनिवार्य है। डीजे नहीं मिलने पर विसर्जन की तिथि आगे बढ़ा देते हैं। विसर्जन झांकी में तो न जाने कितने डीजे एक साथ घंटों बजेंगे। इसके अलावा राजधानी में डीजे के साथ रोज कोई न कोई जुलूस



निकलता है। शादियों व बारात में भी नियम कानून का पालन नहीं किया जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि तेज आवाज से होने वाले कंपन से मकान की मजबूती पर असर पड़ता है। बावजूद इसके खुलेआम सड़क पर कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। प्रशासन खामोश है। विसर्जन झांकी कि रात इन तेज आवाजों का जगह-जगह मंच लगाकर हमारे शहर के कर्णधार स्वागत करेंगे और अधिकारी सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी आदर नहीं

### डीजे के शोर से 7 साल की वैष्णवी की मौत , मालिक-ऑपरेटर गिरफ्तार

**बलरामपुर,25 सितंबर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में सात वर्षीय छात्रा वैष्णवी तिवारी की तेज आवाज में बज रहे डीजे के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद हुई मौत के मामले में पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने डीजे मालिक और ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, ड्यूटी में कथित लापरवाही बरतने पर मेवालाल चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया है। पुलिस मामले में डीजे की तेज आवाज और बच्ची की मौत के बीच संबंध सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, वैष्णवी तिवारी डिवाइन पब्लिक स्कूल में कक्षा दो की छात्रा थी। घटना के बाद मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह के निर्देश पर जांच और कार्रवाई तेज की गई। पुलिस ने मामले में डीजे मालिक चंद्र प्रकाश वर्मा और ऑपरेटर रामपाल सैनी को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना के दौरान इस्तेमाल किए गए पिकअप वाहन, डीजे साउंड सिस्टम और उससे जुड़े उपकरणों को जब्त कर लिया गया है।

# बस्तर समेत कई इलाकों में बाढ़ के हालात, नदी-नाले उफान पर



**रायपुर, 25 सितंबर।** विदाई से पहले मानसून ने छत्तीसगढ़ में एक बार फिर तेवर दिखाए हैं। पिछले 48 घंटों से प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। बस्तर संभाग सबसे ज्यादा प्रभावित है। इंद्रावती और महानदी समेत कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जलाशयों में पानी लबालब होने के बाद बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे निचले क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। बस्तर में लगातार बारिश से इंद्रावती नदी के सहायक नाले उफान पर हैं। गोरियाबहार नाला भरने से दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। तिरिया, पोटनार और जगदलपुर सहित कई इलाकों में जलभराव है। अमागुड़ा की निचली बस्ती भी पानी में डूब गई है। वन विभाग के कार्यालय की कई शाखाओं में पानी भरने से रिकॉर्ड भीग गए हैं। इंद्रावती नदी किनारे स्थित तोमर फार्म हाउस में पांच लोगों के फंसे होने की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए पहुंची। फार्म हाउस परिसर में पानी भर गया है और वहां खड़ा ट्रक भी पानी में डूब गया है।

### कांकेर और कोंडागांव में स्कूल बंद

कांकेर में लगातार बारिश के कारण दूध नदी समेत नदी-नाले उफान पर हैं। आमाबेड़ा, कुरना सहित अंदरूनी इलाकों में जलस्तर बढ़ गया है। सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ। प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी घोषित कर लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। कोंडागांव में पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने के कारण कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। 25 सितंबर को जिले के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। राहत और बचाव टीमें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं।

### सुकमा में निचली बस्तियां खाली कराई जा रहीं

सुकमा में बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। कोंटा क्षेत्र की निचली बस्तियों को खाली कराया जा रहा है। डोंडरा पंचायत में भी कई घरों को खाली कराया गया है। छिंदगढ़ क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हैं। दोरनापाल-कोंटा और दोरनापाल-सुकमा मार्ग पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ है।

### बांधों से छोड़ा जा रहा पानी

गरियाबंद के देवभोग और अमलीपदर क्षेत्र में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। सिकासार बांध 87 प्रतिशत भरने के बाद सुरक्षा के लिहाज से 15,500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कई घरों और खेतों में पानी भरने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। प्रशासन ने त्रैमासिक परीक्षाएं भी रद्द कर दी हैं।

धमतरी में गंगरेल जलाशय 98.14 प्रतिशत भर चुका है। यहां 64,117 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। गंगरेल के 10 गेट खोलकर कुल 54,950 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। मुरुमसिल्ली 100 प्रतिशत, दुधावा 97.21 प्रतिशत और सोढ़ुर जलाशय 88.18 प्रतिशत भर चुका है। इन जलाशयों से भी पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। महानदी का जलस्तर बढ़ने के बाद नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। बालोद में भी लगातार बारिश से नदी-नाले और खेत लबालब हैं। कई मार्गों पर पानी बहने से आवागमन प्रभावित हुआ है। जिले के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। बारिश के कारण सियादेवी वाटरफॉल भी पूरे शबाब पर है।

# ट्रक की डीजे वाहन से टक्कर, 5 की मौत

**बालोद,25 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बालोद में शुक्रवार को नेशनल हाइवे-30 पर भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई. मरकाटोला घाट के पास डीजे से बंधी पिकअप और ट्रक में भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सड़क पर ही पलट गई, जबकि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. इसी मार्ग पर पिछले महीने मुंबई हो गए. भीषण हादसे में 2 युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 3 की इलाज के दौरान मौत हो गई. वहीं अन्य 5 युवकों का इलाज जारी है, उनकी हालत गंभीर बताई जा रहा है. डॉक्टरों की निगरानी में घायलों का इलाज जारी है. सड़क पर वाहनें क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित रहा. सूचना पर पुरुर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची.



की बाइक राइडर रिद्धि ठक्कर (24 साल) ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवाई थी. जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को नेशनल हाइवे के मरकाटोला घाटी पर डीजे से बंधी पिकअप खड़ी हुई थी, इस दौरान तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने टक्कर हो गई है. पिकअप में करीब 10 युवक सवार थे. तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर में पिकअप सवार युवक और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. एडिशनल एसपी चन्द्रकान्त गवर्ना ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना पर पुलिस टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. इस हादसे में 5 युवकों की मौत हुई है. 5 युवक घायल है, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है. हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है. मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है

# पेंशन मामले में लापरवाही,शिक्षा विभाग के 6 अधिकारी-कर्मचारी निलंबित

**रायपुर,25 सितंबर।** लोक शिक्षण संचालनालय ने मुंगेली जिले में दिवंगत शिक्षक के पेंशन प्रकरण से जुड़े कार्यों में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में 6 अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने आदेश जारी किया है। आदेशानुसार, शासकीय हाईस्कूल लाखासार में पदस्थ सहायक शिक्षक विज्ञान अंजनी त्रिपाठी का 25 सितंबर 2022 को सेवाकाल के दौरान निधन हो गया था। उनकी मृत्यु के बाद परिवार पेंशन और मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति उपादान के प्रकरण की प्रक्रिया में यह पाया गया कि वर्ष 2018 में सहायक शिक्षक एल बी संवर्ग संविलियन के बाद किए गए वेतन निर्धारण की सक्षम प्राधिकारी से समय पर जांच और अनुमोदन नहीं कराया गया। विलंब से अनुमोदन के कारण अधिक भुगतान की वसूली की स्थिति बनी। साथ ही लंबित पेंशन के संबंध में संचालनालय लोक शिक्षण को गलत जानकारी भेजे जाने का भी उल्लेख है। इस मामले में तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य राघवेन्द्र कुमार सोनी, प्रभारी प्राचार्य रघुनंदन सिंह राजपूत, सहायक ग्रेड-3 मोतीराम यादव, सहायक ग्रेड-2 त्रिवेणी ध्रुव, सहायक ग्रेड-3 अशोक ध्रुव और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पेंशन कक्ष प्रभारी एवं कनिष्ठ लेखा परीक्षक शत्रुघन कुलमित्र को निलंबित किया गया है।

# गंगरेल समेत 4 जलाशयों से छोड़ा जा रहा पानी

रायपुर,25 सितंबर। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश के बीच धमतरी जिले में प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। जिले में भारी बारिश और जलाशयों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए 25 सितंबर को सभी स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यह अवकाश जिले में संचालित शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त सभी स्कूलों पर लागू रहेगा। प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है। वहीं, वर्तमान में चल रही त्रैमासिक परीक्षाओं को लेकर भी अलग से दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। विद्यार्थियों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा की अगली तारीख और अन्य जरूरी जानकारी के लिए अपने स्कूल या संबंधित विभाग की आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। बारिश के कारण धमतरी जिले के प्रमुख जलाशयों में पानी की आवक लगातार बढ़ रही है। गंगरेल, मुरुमसिल्ली, दूधावा और सोंढूर जलाशयों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए कई गेट खोलकर पानी बाहर छोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से 25 सितंबर की सुबह 8 बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक, गंगरेल जलाशय 98.14 प्रतिशत भर चुका था। वहीं मुरुमसिल्ली 100 प्रतिशत, दूधावा 97.21 प्रतिशत और सोंढूर जलाशय 88.18 प्रतिशत जलभराव पर पहुंच गया था। गंगरेल बांध के 10 गेट खोलकर कुल 54,950 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसमें 6,000 क्यूसेक पानी रुद्री बैराज के जरिए नहर में और 48,950 क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा मुरुमसिल्ली जलाशय से 7,286 क्यूसेक, दूधावा से 16,606 क्यूसेक और सोंढूर जलाशय के 5 गेटों से 16,402 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है।

जलाशयों से लगातार पानी छोड़े जाने के चलते महानदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने नदी किनारे बसे गांवों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने लोगों से नदी, नालों और जलभराव वाले इलाकों के आसपास जाने से बचने की अपील की है। साथ ही अनावश्यक रूप से नदी या नालों को पार नहीं करने की चेतावनी दी गई है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि स्थिति बिगड़ने या जलस्तर बढ़ने की स्थिति में लोगों को चिन्हांकित सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अधिकारियों की टीमें जलाशयों और नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# दो राज्यों में 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

### मानव तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़; 3 गिरफ्तार

**महासमुंद,25 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने मानव तस्करी से जुड़े एक कथित नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने महासमुंद और सीमावर्ती ओडिशा में दो राज्यों के 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई मानव तस्करी, नाबालिगों के अवैध परिवहन, बाल मजदूरी और नाबालिग बालिकाओं के कथित दैहिक शोषण से जुड़े मामलों की जांच के तहत की गई है। कार्रवाई में करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपये की संपत्ति/राशि जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा पुलिस को बड़ी संख्या में बालिग और नाबालिग मजदूरों के कथित अवैध परिवहन तथा बंधुआ मजदूरी से जुड़े डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य मिलने का दावा किया गया है पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है और छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेजों तथा डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में नेटवर्क के जरिए बड़ी संख्या में मजदूरों के कथित अवैध परिवहन और उनसे जुड़े आर्थिक लेन-देन की जानकारी सामने आई है। जांच में नाबालिगों से जुड़े मामलों के साथ बाल मजदूरी और नाबालिग बालिकाओं के कथित दैहिक शोषण से जुड़े पहलुओं को भी शामिल किया गया है।

# आयुक्त ने दिए गणेश विसर्जन व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 25 सितंबर।** आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देश पर गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में आयुक्त ने जोन अधिकारियों के साथ जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर क्षेत्र के विभिन्न तालाबों का निरीक्षण कर विसर्जन व्यवस्था और साफ-सफाई का जायजा लिया। वहीं जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों और तालाब सफाई का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जोन क्रमांक-1 के अंतर्गत आमा तालाब, कोहका भेलवा तालाब और नक्टा तालाब में गणेश प्रतिमा विसर्जन को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, पूजा सामग्री के व्यवस्थित निपटान और नागरिकों की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूजा सामग्री को तालाब में जाने से रोकने के लिए अलग से कुंड बनाने अथवा पात्र रखने के निर्देश दिए, ताकि पूजन सामग्री का निर्धारित तरीके से निपटान हो सके और जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनी रहे। निगम की ओर से नागरिकों से भी अपील की गई है कि विसर्जन के दौरान पूजा सामग्री निर्धारित स्थान पर ही रखें। जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर के कुरूद स्थित गोकुल नगर ऑक्सीडेशन पॉइंट का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने तथा साफ-सफाई और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड क्रमांक-22 कुरूद बस्ती स्थित पुलिया का निरीक्षण कर स्थानीय आवागमन की सुविधा और आवश्यकता को देखते हुए इसके संधारण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने स्थल की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक तकनीकी एवं निर्माण संबंधी कार्रवाई शीघ्र पूरी करने कहा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त दिनेश कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, अधिकारी अर्पित द्विवेदी, सहायक राजस्व अधिकारी शशांक शेखर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, शंकर साहनी, अंजनी सिंह सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारिश की झड़ी से जनजीवन प्रभावित

## सड़कों पर गिरे पेड़, बस्तियों में भरा पानी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 सितंबर।** पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रात भर हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में पेड़ और उनकी टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। कई बस्तियों और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी रही। कई जगहों पर बिजली के तार टूटने की खबरें आ रही हैं। कॉलोनियों में ड्रेनेज सिस्टम ठीक न होने से जलभराव के समाचार हैं। कई कालोनियां जलमग्न हो गयी हियँ। इससे सुबह ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। टाउनशिप सेक्टर-4 पेट्रोल पंप के पास फॉरेस्ट एवेन्यू पर भोर करीब 4 बजे एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। सुबह ड्यूटी पर निकले कर्मचारियों को जेपी सीमेंट चौक के आगे बोरिया गेट की ओर रास्ता बंद मिला। इसके बाद उन्हें वापस लौटकर दूसरे रास्ते से जाना पड़ा। लोगों ने पेड़ गिरने की सूचना नगर सेवाएं विभाग को दीं। इसके बाद सड़क से पेड़ हटाने का काम शुरू हुआ। सुबह करीब साढ़े 9 बजे तक पेड़ की डालियों को काटकर हटाने का काम चलता रहा।

सेक्टर-4 के सड़क नंबर 21 के आसपास भी पेड़ गिरने की जानकारी मिली। बारिश का असर शहर के दूसरे हिस्सों में भी दिखाई दिया। भिलाई क्लब के रॉयल गार्डन के सामने एक पेड़ टूटकर बिजली के तार पर गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। राहगीरों ने इसकी सूचना उद्यानिकी विभाग को दी। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोग भी अन्य राहगीरों को सतर्क करते नजर आए। सेंट्रल एवेन्यू समेत कई अन्य क्षेत्रों में भी पेड़ों की टहनियां सड़कों पर गिरती रहीं। लगातार बारिश से शारदा पारा से लेकर खुर्सीपार एवं अन्य कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनी। पेड़ हटाने का काम शुरू होने के बाद फॉरेस्ट एवेन्यू पर यातायात सामान्य करने की प्रक्रिया जारी रही।

### दो दिनों से पड़ रहीं जोरदार बौछारें

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून की द्रोणिका गुरदासपुर, चंडीगढ़, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, धौलपुर, उदयपुर, डीसा और नलिया होते हुए अरब सागर की ओर गुजर रही है। वहीं, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और उससे लगे दक्षिणी ओडिशा के ऊपर बना गहरा अवदाब उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। इसके धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है। विभाग के अनुसार, अगले दिन छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। अभी भी जोड़कर बारिश का दौर जारी है।

## एक नजर

### शिक्षक मनोज सिन्हा को मिला शिक्षा रत्न सम्मान



**भिलाई, 25 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सत्य साई हॉस्पिटल ऑडिटोरियम नया रायपुर में छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा आयोजित शिक्षा रत्न सम्मान समारोह में महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने शिक्षक मनोज कुमार सिन्हा को शिक्षा रत्न सम्मान-2006 से सम्मानित किया।

### दोपहिया वाहन में अवैध शराब बेचने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 25 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुपेला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राधिका नगर मैदान स्लाटर के पास दो व्यक्ति दोपहिया वाहन में अवैध शराब लेकर बिक्री करने पहुंचे हैं सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा दोनों व्यक्तियों को वाहन सहित पकड़ा गया पूछताछ में दोनों ने अपना नाम चंदन चौहान (21) निवासी चिंगरी पारा सुपेला एवं रजत यादव (19) निवासी पांच रास्ता सुपेला बताया। नियमानुसार तलाशी की कार्रवाई की। वाहन से देशी मदिरा से भरी 180 एमएल की शीशियां तथा बिक्री रकम 350 रुपये बरामद की है मामले में धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### आईआईटी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में होगी नवाचार प्रतियोगिता

**भिलाई, 25 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है। इस पहल में आईआईटी भिलाई के फैकल्टी सदस्यों का मार्गदर्शन मिलेगा। अक्टूबर से अटल टिंकरिंग लैब संचालित विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तैयारियों को लेकर 25 सितंबर को डाइट अछोटी में संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रभारी व्याख्याताओं, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक संचालक और जिला मिशन समन्वयक की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में इंटर स्कूल प्रतियोगिता की रूपरेखा, विद्यार्थियों की भागीदारी और आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। डाइट की टीम ने आईआईटी भिलाई का दौरा कर फैकल्टी सदस्यों से भी चर्चा की। दुर्ग जिले के करीब 15 से 20 विद्यालयों में संचालित अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफथिंग्स (आईओटी), सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थियों से प्रोटोटाइप मॉडल तैयार कराने के साथ डिजाइन थिंकिंग, कंप्यूटेशनल सोच और समस्या-समाधान जैसे कौशल विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

# लोगों के नाम वाहन और अन्य सामान फायनेंस कराकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## जरूरतमंद लोगों को आर्थिक लाभ का देते थे लालच, डाउन पेमेंट और बाकी किश्त भरने का देते थे झांसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 25 सितंबर।** स्मृति नगर चौकी पुलिस ने एक ऐसे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो जरूरतमंद लोगों को आर्थिक लाभ का लालच देकर उनके नाम पर वाहन एवं अन्य सामग्री फाइनेंस कराते थे फाइनेंस के समय डाउन पेमेंट स्वयं करने तथा आगामी ईएमआई भरने का आश्वासन देकर झांसा देते थे।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 नग वाहन एवं 01 नग वॉशिंग मशीन जब्त की है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी अमित आनंद ने बताया कि प्रार्थी मनीष डहेरवाल (32) निवासी आर्य नगर चौहान किराना स्टोर के पास कोहका वेल्डिंग एवं फैब्रिकेशन का कार्य करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि लगभग 3-4 माह पूर्व उसके मित्र भोजराज उर्फ भोजू के माध्यम से उसकी पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ प्रिंस निवासी कुरुद रोड से हुई थी जान पहचान होने के बाद जसप्रीत सिंह उर्फ प्रिंस प्रार्थी को विश्वास में लेकर बताया कि वह गोल्ड लोन संबंधी ऑफिस/कार्य प्रारंभ कर रहा है इस के लिए उसे एक लैपटाप की आवश्यकता है उसने प्रार्थी को अपने नाम से लैपटॉप फाइनेंस करवा कर देने तथा मासिक किस्त वह स्वयं जमा करने की बात कही।

इस के बाद अपने नाम से लैपटॉप फाइनेंस करवाकर उसे दे दिया लैपटाप फाइनेंस करवाने के बाद जसप्रीत सिंह उर्फ प्रिंस ने प्रारंभ में केवल 02 किश्तें जमा की इस के बाद उसने फाइनेंस की किश्ते जमा करना बंद कर दिया इसी संबंध में जानकारी लेने पर प्रार्थी को पता चला कि भोजराज उर्फ भोजू के माध्यम से परिचित हुए अन्य व्यक्तियों के साथ भी जसप्रीत सिंह उर्फ प्रिंस द्वारा इसी प्रकार की बात कर उनके नाम से वाहन एवं अन्य सामान फाइनेंस करवाया गया है तथा बाद में उनकी फाइनेंस की किश्तें जमा नहीं की गई हैं आरोपियों ने प्रार्थी एवं उसके परिचितों के नाम पर वाहन एवं अन्य सामग्री फाइनेंस कराकर आर्थिक एवं संपत्ति संबंधी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने दोनों आरोपी जसमीत सिंह उर्फ प्रिंस (28) निवासी मकान नं. 25, कैलाश नगर जामुल व भोजराज राय उर्फ भोजू (26) निवासी मंगल बाजार के पास कोहका को गिरफ्तार किया।

### दुकान में घुसकर हमला करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दुर्ग, 25 सितम्बर। पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में आदर्श नगर स्थित राधा कृष्ण ज्वेलर्स में घुसकर संचालक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले अज्ञात आरोपी को पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने भीतर पकड़ लिया है नाबालिग को पुलिस ने बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि बालाजी अपार्टमेंट स्थित राधा कृष्ण ज्वेलर्स में एक युवक मुंह पर मास्क लगाकर पहुंचा था उसने दुकान संचालक रंजन पालित से आभूषण दिखाने को कहा इसी दौरान उसने स्टील के काले मुठ वाले चाकू से संचालक की गर्दन पर वार कर दिया था संचालक ने बचाव किया जिस से उनके बाएं गाल और दाहिने हाथ में चोट आई थी घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था पुलिस ने धारा 109 (1) के तहत अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की थी पुलिस को मिले सुरागों के आधार पर आरोपी की पहचान की गई पकड़ लिया गया घटना का सामने आया सीसीटीवी फुटेज है।

# डेढ़ किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 25 सितम्बर।** पुलगांव थाने पुलिस ने शिवनाथ नदी पुलगांव पचरी के पास गांजा बेचने की कोशिश कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके कब्जे से 1.644 किलोग्राम गांजा बिक्री की रकम, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल समेत कुल 88, 600 रुपए की सामग्री जब्त की है पूछताछ में आरोपी की पहचान करण दास बारले (36 साल) निवासी सतनामी पारा, बिरेझर, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव के रूप में हुई? पुलगांव प्रभारी गुरविंदर सिंह संधु ने बताया कि पुलिस मुखबिर से सूचना मिली थी कि शिवनाथ नदी पुलगांव पचरी के पास एक व्यक्ति नीले रंग की जैकेट और लोअर पहने हुए नीले बैग में गांजा लेकर ग्राहक तलाश रहा है सूचना के आधार पर पुलगांव थाने पुलिस की टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और बताए गए हुलिए के व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी करण दास बारले के कब्जे से 60 हजार रुपए कीमत की 1.644 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ इस के अलावा पुलिस ने गांजा बिक्री से प्राप्त 600 रुपए नगद, एक वीवो मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 एके 5071 भी जब्त की जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 88, 600 रुपए है मामले में पुलगांव थाने पुलिस में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### युवक को गांजा बेचते किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 25 सितम्बर।** जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने अवैध गांजा बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.330 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 65 हजार रुपए है, और 1700 रुपए नकद बरामद किए हैं जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी सुमित शमित मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम करंजा भिलाई में वेयर हाउस गोडाउन के सामने नहर किनारे एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी अनिल पारधी (42 साल) को पकड़ा तलाशी के दौरान अनिल के कब्जे से सफेद रंग के थैले में रखा 1.330 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ इसके अलावा गांजा बिक्री से प्राप्त 700 रुपए नकद भी जब्त किए गए पूछताछ में अनिल ने वह गांजा देवा पारधी निवासी मुंगेली से खरीदकर लाता था इसके बाद पुलिस ने मुख्य आपूर्तिकर्ता बताए जा रहे देवा पारधी को भी गिरफ्तार किया उसके कब्जे से गांजा बिक्री से प्राप्त 1000 रुपए नकद बरामद किए गए पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ तहत एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत कार्रवाई की है।

### सेल की बिक्री में 13 फीसदी वृद्धि, उधारी भी 870 करोड़ घटी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 सितंबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अगस्त 2026 में उत्पादन और बिक्री दोनों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। कंपनी ने हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन हासिल किया।

अगस्त में क्रूड स्टील उत्पादन 8 फीसदी बढ़कर 1.68 मिलियन टन, हॉट मेटल 9 फीसदी बढ़कर 1.78 मिलियन टन और सेलेबल स्टील 1 फीसदी बढ़कर 1.69 मिलियन टन रहा। कंपनी ने अगस्त में 1.871 मिलियन टन स्टील की बिक्री की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.654 मिलियन टन की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। इस दौरान कैश कलेक्शन में भी 23 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। कोल्ड रोल्ड, गैल्वेनाइज्ड और अलॉय स्टील सहित वैल्यू एडेड उत्पादों की बिक्री भी अगस्त में रिकॉर्ड स्तर पर रही। भारतीय रेलवे को रेल आपूर्ति 5 फीसदी बढ़कर 1.23 लाख टन हो गई, जबकि लॉन्ग रेल्स की आपूर्ति 1.12 लाख टन रही, जो 11 फीसदी अधिक है।

वहीं, 31 मार्च 2026 की तुलना में कंपनी की उधारी में 870 करोड़ रुपये की कमी आई है। अप्रैल से अगस्त 2026 के दौरान सेल की संचयी बिक्री 5.6 फीसदी बढ़कर 7.71 मिलियन टन हो गई। सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए.के. पंडा ने कहा कि रिकॉर्ड उत्पादन, बिक्री में वृद्धि और वित्तीय अनुशासन कंपनी की परिचालन क्षमता एवं मजबूत आधार को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि विस्तार परियोजनाओं और घरेलू मांग में मजबूती के बीच कंपनी विकास गति को और तेज करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# 185 विद्यार्थी को प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति प्रदान की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 24 सितंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर में प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने बीएसपी कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति एवं सेल छात्रवृत्ति प्रदान की। चयनित विद्यार्थियों में 84 इंजीनियरिंग, 51 मेडिकल, 8 स्नातकोत्तर तथा 42 अन्य पाठ्यक्रमों से संबंधित हैं। छात्रवृत्ति के रूप में कुल 29.83 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक रविशंकर, मुख्य महाप्रबंधक प्रशांत ओझा, महाप्रबंधक प्रभारी ए.बी. श्रीनिवास, महाप्रबंधक प्रभारी (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र को 11 बार प्राप्त प्रधानमंत्री ट्रॉफी की पुरस्कार राशि से अर्जित ब्याज के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2004-05 में शुरू हुई थी।

# भिलाई के एथलीटों ने 4 स्वर्ण समेत 15 पदक जीते

## पदक विजेता खिलाड़ियों का वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मान व आगामी प्रतियोगिताओं के लिए दी शुभकामनाएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 सितंबर।** जगदलपुर में 17 से 20 सितंबर तक आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सेल एथलेटिक्स अकादमी, भिलाई के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीते। अंडर-19 वर्ग में आलोक कुमार ने 1500 व 3000 मीटर में स्वर्ण तथा 800 मीटर व 6 किमी क्रॉस-कंट्री में रजत पदक हासिल कर बेस्ट एथलीट कप भी प्राप्त किया। विकास निषाद ने 400 मीटर हर्डल्स में स्वर्ण और 200 मीटर में रजत, जबकि अंडर-17 में नीरज कुमार साहू ने 5 किमी रेस वॉक में स्वर्ण पदक जीता। अन्य खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में रजत व कांस्य पदक हासिल किए।

पदक विजेता खिलाड़ियों का इस्पात भवन स्थित ईडी (एचआर) कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मान किया और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। वॉलीबॉल प्रशिक्षक ख्वाजा अहमद को विनोद चौबे अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया गया। वहीं गोवा में होने वाली 37वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन किया गया।

### कचरे का पृथक्करण नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर हुई कार्रवाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देशानुसार नेहरू नगर क्षेत्र में निगम की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं पाए जाने के साथ ही गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग नहीं रखने की स्थिति सामने आई। इस पर निगम ने नियमानुसार चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 19 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। कार्रवाई के तहत हट्स कैफे एंड रेस्टोरेंट में अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं पाए जाने पर 8 हजार रुपए, जूस फैक्ट्री में गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण नहीं करने पर 1 हजार रुपए तथा मेघा शॉप में अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं पाए जाने पर 10 हजार रुपए का चालान किया गया। इस प्रकार तीन प्रतिष्ठानों से कुल 19 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित जोन की टीम मौजूद रही।

एक नजर

## धान खरीदी की तैयारियों एवं विगत वर्षों की खरीदी की समीक्षा बैठक आयोजित



**रायपुर, 25 सितंबर।** माननीय अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा श्री शशिकांत द्विवेदी जी की अध्यक्षता में आज जिला विपणन अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी खरीफविपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की तैयारियों तथा विगत वर्षों में की गई धान खरीदी से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में दिनांक 02.04.2026 की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन, खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जित धान के निराकरण, एफसीआई/नान में चावल जमा की स्थिति तथा लेखा मिलान की समीक्षा की गई। साथ ही खरीफविपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में आई सूखत (कमी) की स्थिति की भी जानकारी ली गई। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए बारदानों की व्यवस्था, 362 नए धान उपार्जन केंद्रों की आवश्यक व्यवस्था, संग्रहण केंद्रों की तैयारी तथा मुख्यालय एवं जिला स्तर पर निविदा की अद्यतन स्थिति पर अधिकारियों से जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त खरीफ विपणन वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में धान परिवहन एवं बारदाना सुरक्षा रख-रखाव के संबंध में किए गए भुगतान की जिलेवार स्थिति तथा आगामी वर्ष के लिए वित्तीय स्थिति की भी समीक्षा की गई। माननीय अध्यक्ष श्री शशिकांत द्विवेदी जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी वर्ष 2026-27 के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं तथा किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही लंबित कार्यों का शीघ्र निराकरण करते हुए खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।

## बेलगांव में आयुर्वेद दिवस पर आयोजित शिविर में 70 मरीजों का किया गया उपचार



**डोंगरगढ़ 25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगाँव डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में 11 वे आयुर्वेद दिवस के अवसर पर तहसील डोंगरगढ़ शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलगाँव में दिनांक 23/9/2026 को निःशुल्क चिकित्सा एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ आयशा गाजी आयुष चिकित्सक , शिव कुमार राजेकर फर्मासिस्ट आदि उपस्थित रहे। उक्त शिविर में कुल 70 रोगी लाभान्वित हुए जिसमे 30 रोगियों की ब्लड प्रेशर 20 रोगियो की मधुमेह की जांच की गई एवम् आहार-विहार की जानकारी दी गई।शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनो को गैर संक्रामक रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे मे तथा दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन, योग एवं प्रणायाम के संबंध में जानकारी भी दी गई और स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वर्षा ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में बताए गया एच वन एन वन के बारे में बताए गया और औषधि वितरण किया गया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पोर्टल निरंतर चालू

**रायपुर, 25 सितंबर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत संचालित पोर्टल निरंतर चालू है। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। महासमुंद जिले में 24 सितम्बर को इस योजना के तहत संचालित पोर्टल में दिक्कत की खबर सामने आई है, जो पूर्णतः निराधार है। गौरतलब है कि समय-समय पर पोर्टल में सुधार कार्य होने के कारण भारत सरकार द्वारा कुछ समय के लिये सर्वर डाउन की समस्या आती है। योजना के तहत ऐसे किसान पात्रता की श्रेणी में आते है जिनके नाम 01 फरवरी 2019 के पूर्व एवं मृत्यु के उपरांत भू-स्वामी कृषक ही योजनांतर्गत पात्र की श्रेणी में आते है।

# ब्रह्मचर्य धर्म का पालन करने वाले को मोक्ष लक्ष्मी की प्राप्ति होती है : भाई सुरेश

**रायपुर 25 सितंबर।** दिगंबर जैन समाज के पर्युषण महापर्व के अंतिम दिवस उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की श्रद्धापूर्वक आराधना की गई। कचना, अमलतास कैसल स्थित श्री 1008 मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः 7:30 बजे श्रीजी को पांडुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसके बाद नित्य पूजन एवं दस लक्षण विधान संपन्न हुआ। मंदिर अध्यक्ष हिमांशु जैन ने बताया कि पूरे आयोजन में समाजजनों ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता की।



उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर विशेष उद्बोधन देते हुए भाई सुरेश मोदी ने कहा कि - उत्तम ब्रह्मचर्य मन लावे, नर-सुर सहित मुक्ति फल पावे।

अर्थात उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का पालन करने वाले को मोक्ष लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।उन्होंने कहा कि आत्मा ही ब्रह्म है और ब्रह्मस्वरूप निर्मल ज्ञानमयी आत्मा में चर्या करना ही ब्रह्मचर्य है। जब मनुष्य आत्मानुराग से भरकर देहासक्ति से ऊपर उठ जाता है, तब वास्तविक ब्रह्मचर्य की अनुभूति होती है। परिणामों की अत्यंत निर्मलता ही ब्रह्मचर्य है। भाई सुरेश मोदी ने कहा कि दस लक्षण महापर्व आत्मशुद्धि और आत्मकल्याण का पर्व है। मनुष्य यदि दसों धर्मों को अपने जीवन में अपनाकर उनका पालन करे तो वह आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने वासना के विषय में कहा कि, ÷इमली का पेड़ बूढ़ा हो जाता है, लेकिन उसकी खटाई बूढ़ी नहीं होती, यही दशा वासना की है। इसलिए मनुष्य को मन, वचन और काय से संयमित रहकर ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना चाहिए। यही आत्मशुद्धि और मोक्षमार्ग की ओर ले जाने वाला मार्ग है।

## 'मेरा-तेरा' के भाव से मुक्त होना ही सच्चा आकिंचन्य : सुरेश भाई मोदी

**रायपुर।** कचना स्थित अमलतास कैसल परिसर के 1008 श्री मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व के नवम दिवस पर उत्तम आकिंचन्य धर्म की आराधना श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ की गई। इस अवसर पर भाई सुरेश मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'कुछ भी मेरा नहीं, यही सच्चा आकिंचन्य है।' उन्होंने कहा कि आकिंचन्य धर्म हमें बाहरी वस्तुओं के मोह और परिग्रह से मुक्त होकर अपने आत्मस्वरूप की ओर लौटने का संदेश देता है। धन, संपत्ति, मान-सम्मान और सांसारिक वस्तुओं के प्रति आसक्ति ही मनुष्य को बंधन में रखती है। जब जीवन से 'मेरा-तेरा' का भाव कम होता है, तब आत्मा में शांति और सच्चे सुख का अनुभव होने लगता है।उन्होंने कहा कि दशलक्षण महापर्व आत्मशुद्धि और आत्मचिंतन का अवसर है। हमें इस दौरान अपने भीतर के मोह, ममता और परिग्रह को कम करने का संकल्प लेना चाहिए तथा सरलता, संतोष, संयम और त्याग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यही उत्तम आकिंचन्य धर्म की वास्तविक भावना है।महापर्व के नवम दिवस पर प्रातः 7:30 बजे श्रीजी का पाण्डुक शिला पर अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई। इसके पश्चात नित्य पूजन एवं दशलक्षण विधान विधिवत किया गया। सायं 7 बजे भक्ति भाव से संगीतमय आरती हुई। इसके बाद वीरा महिला मंडल के मार्गदर्शन में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य म आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



# विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में रियल एस्टेट सेक्टर की होगी अहम भूमिका:मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 25 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नवा रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित क्रेडाई छत्तीसगढ़ स्टेटकॉन-2026 'बिल्डिंग विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में रियल एस्टेट सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और शहरीकरण के साथ प्रदेश में आधुनिक शहरों, गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ आवास तथा मजबूत अधोसंरचना की आवश्यकता भी बढ़ रही है। राज्य सरकार रियल एस्टेट सेक्टर के विकास के लिए पारदर्शी व्यवस्था, सरल प्रक्रियाओं और निवेश के अनुकूल वातावरण के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रही है।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अपना घर प्रत्येक परिवार का सपना होता है। समाज के हर वर्ग की आकांक्षा होती है कि उसके पास सुरक्षित और सुविधाजनक आवास हो। पिछले पौने तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट सेक्टर ने तेजी से प्रगति की है। आने वाले वर्षों में प्रदेश में बढ़ते निवेश, औद्योगिकीकरण, बेहतर कनेक्टिविटी और नए शहरी केंद्रों के विकास के साथ इस क्षेत्र में संभावनाएं और बढ़ेंगी। उन्होंने रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े उद्यमियों से कहा कि वे प्रदेश के विकास में भागीदार बनें और गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक तथा भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाओं के निर्माण में योगदान दें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए विजन डॉक्यूमेंट 'छत्तीसगढ़ अंजोर' तैयार किया है। राज्य ने अपनी अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने की अपार क्षमता है। प्रदेश का लगभग 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। यहां प्रचुर खनिज संपदा, पर्याप्त बिजली और जल संसाधन उपलब्ध हैं। देश के प्रमुख क्षेत्रों से प्रदेश की कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है और यहां के मेहनतकश लोग हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' केवल एक कहावत नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों की सरलता, परिश्रम और सामर्थ्य की पहचान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री के रूप में कार्य करने के अपने अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री की कार्यशैली को निकट से देखा है। प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत आधुनिक अधोसंरचना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था और जनकल्याण के नए अध्याय लिख रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने देश के करोड़ों परिवारों के पक्के घर के सपने को साकार किया है। प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 1600 प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में भी बड़ा परिवर्तन दिखाई दे रहा है और पक्के आवास तेजी से ग्रामीण जीवन की तस्वीर बदल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3.65 लाख अतिरिक्त आवासों की स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों के परिवारों के लिए भी आवास बनाए जा रहे हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए तैयार नीति के अंतर्गत 15 हजार आवासों के निर्माण को भी स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों के सुनियोजित एवं दीर्घकालीन विकास के लिए स्टेट कैपिटल रीजन विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रायपुर के साथ दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव क्षेत्र को जोड़ते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास की योजना बनाई जा रही है। स्टेट कैपिटल रीजन से आवास, उद्योग, व्यापार, परिवहन और सेवा क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित होंगी तथा यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख ग्रोथ इंजन के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण को अवसर में बदलने के लिए सुनियोजित विकास आवश्यक है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 25 सितंबर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय औरठी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए व्यवस्थापक डॉक्टर दिनेश कुमार उपाध्याय ने अतिथियों का परिचय कराया।उद्बोधन की कड़ी में सखी वन स्टाफ सेंटर नया बस स्टैंड सिमगा से पधारे प्रफुल्ल सोनवानी ने कहा सखी वन स्टाफसेंटर का मुख्य उद्देश्य घर के भीतर व बाहर किसी भी रूप में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप से सभी प्रकार की सुविधा वह सहायता निशुल्क उपलब्ध कराना है यह सेंटर सभी के लिए 24 घंटे सेवा में उपलब्ध है इसके माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को आपातकालीन सहायता एवं बचाव सहायता विधि सहायता मनोवैज्ञानिक सलाह एवं मनोपचार के लिए समर्पित है कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए सखी वन स्टाफ केंद्र वार्ड क्रमांक 8 अविका बिहार सिमगा से उपस्थित श्रीमती मोहिनी साहू ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से दहेज प्रथा बाल विवाह जैसे पुरिया से बचाव है यदि कोई महिला संकट में है तो उन्हें 181 नंबर पर तुरंत संपर्क करना चाहिए यदि कहीं बाल विवाह कराया जा रहा हो बालश्रम कराया जा रहा हो या बच्चों के द्वारा भिक्षावृत्ति कराई जा रही हो तो तुरंत 1098 नंबर डायल करें किसी बच्चे की सुरक्षा खतरे में हो तो तत्काल 112 नंबर पर संपर्क कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं अतिथियों के द्वारा बताई जा रही बातों को छात्र-छात्राओं ने ध्यान से सुना इसके बाद प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों की जानकारी को और कुख्यात किया गया कार्यक्रम के अंत में भास्कर कुमार साहू जी ने आभार प्रदर्शन किया इसमें माधुरी वंशकार वसुमति साहू आर आर तिर्की की नीरा वर्मा अर्चना यादव शुचित्रा मेश्राम खिलेश्वर साहू अश्वनी नागवंशी दुरपति यदु और गोलू निषाद विशेष रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय, प्रदेश एवं संगठन नेतृत्व सहित विधायक इन्द्र साव के प्रति जताया आभार

**सिमगा 25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आभार बलौदाबाजार-भाटापारा भारतीय राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मैं अत्यंत गौरवान्वित और अभिभूत हूं। मुझ जैसे एक छोटे से निष्ठावान कार्यकर्ता पर भरोसा जताकर संगठन ने जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए मैं .राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया आदिवासी कांग्रेस पार्टी के .प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव विधायक और भाटापारा विधानसभा विधायक इन्द्र साव .हमारे जिले के अध्यक्ष डॉ विशाल ध्रुव खुसरो. कुलदीप ध्रुव संगठन महासचिव,ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू भाटिया सभी मार्गदर्शक नेताओं का हृदय से आभार और धन्यवाद व्यक्त करता हूँ मैं विशेष रूप से आभार व्यक्त करता यह पद मेरे लिए केवल एक ओहदा नहीं, बल्कि जनता और पार्टी की सेवा करने का एक पवित्र माध्यम है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से शोषितों, पीड़ितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं की आवाज रही है। इस नए दायित्व के साथ, मेरा एकमात्र संकल्प बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कोने-कोने में छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करना और पार्टी के हाथ को और शक्तिशाली बनाना है।मैं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को यह विश्वास दिलाता हूँ कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा जिले के हमारे ऊर्जावान और जमीनी कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम सब मिलकर, एक परिवार की तरह आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ पार्टी के कार्यक्रमों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।



## दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजन में स्काउट गाइड ने सहयोग किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 25 सितंबर।**

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण एवँ कृत्रिम अंग वितरण शिविर एडीप का सांस्कृतिक भवन सिमगा में कुलदीप शर्मा कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा के निर्देश एवँ अनुविभागीय अधिकारी सिमगा श्री अतुल शेटे के मार्गदर्शन , उपसंचालक समाज कल्याण विभाग बलौदाबाजार श्रीमती सिनी वाली गोयल के संयोजन में आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय श्रीवास्तव के आदेश पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ ग विकास खंड सिमगा की टीम ने अपनी सेवा-भावना और अनुशासन से एक अनूठी मिसाल कायम की। शिविर में व्यवस्था संचालन, दिव्यांग जनों का मार्गदर्शन और सामग्री वितरण को सुगम बनाने में स्काउटर-गाइडरों और रोवर-रेंजर्स की अहम भूमिका रही। शिविर में अतिथि के रूप में सिमगा जनपद अध्यक्ष डॉ दौलत पाल, नगर पालिका सिमगा अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया,उपाध्यक्ष विकास सोनकर, जिलाध्यक्ष बीजेपी आनन्द यादव, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, स्थानीय संघ स्काउट गाइड एवँ बीजेपी मंडल अध्यक्ष सिमगा चन्द्रमणि तिवारी एवँ जनपद सदस्य गण तथा पार्षदगण उपस्थित थे।

स्काउटरों गाइडरों एवँ रोवर रेंजर की टीम प्रबन्धन में ईनू राम वर्मा (विशेष मार्गदर्शन एवं समन्वय), अजय उपाध्याय (व्यवस्थापक एवं स्काउटर), मनीष बघेल (स्काउटर/प्रभारी सेवा दल स्काउट), धनेश्वर वर्मा (सचिव), सावित्री वर्मा (संयुक्त सचिव), सुश्री रजनीकला पाटकर (गाइडर/महिला दल प्रभारी), दंतेश्वरी किरण बघेल, धरम पाल डहरिया (स्काउटर/व्यवस्था सहयोगी), टेकराम यादव (स्काउटर), खुशबू यदु (गाइडर), साधना साहू (गाइडर/महिला सहायता प्रभारी), निविषा उपाध्याय (गाइडर)

इनके कुशल मार्गदर्शन में रोवर गौकरण यदु,रोशन साहू, गीतेश वर्मा, विकास यादव, भूपेंद्र ध्रुव, रेंजर कु तेजस्वी वर्मा, सिमरन वर्मा, खुशिया वर्मा, वंदना वर्मा, दुर्गेश्वरी वर्मा, लक्ष्मी साहू जानकी पाल ने दिनभर तत्परता के साथ सेवा कार्य किये।

शिविर में निभाई गई प्रमुख सेवाएँ

आवागमन में सहायताः शिविर स्थल पर पहुँचने वाले अत्यंत गंभीर एवं बुजुर्ग दिव्यांगों को गाड़ियों से ससम्मान उतारकर व्हीलचेयर के माध्यम से मुख्य जाँच पंडाल तक पहुँचाया।

पंजीकरण व सहायता काउंटरः पंजीयन फॉर्म भरने, टोकन दिलाने और संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास ले जाने में मदद की।स्वास्थ्य परीक्षण व नाप में सहयोगः डॉक्टरों की टीम द्वारा परीक्षण और कृत्रिम अंगों का नाप लेते समय दिव्यांगजनों को सहज माहौल प्रदान किया।

## दशलक्षण महापर्व में उत्तम त्याग धर्म की महिमा, जैन समाज ने की भगवान शांतिनाथ की पूजा-अर्चना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 25 सितंबर।** सिमगा जैन धर्म में उत्तम त्याग धर्म दशलक्षण धर्म का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसका अर्थ केवल वस्तुओं को छोड़ना नहीं, बल्कि मोह, लोभ, अहंकार और आसक्ति का त्याग करना भी है।उत्तम त्याग धर्म का अर्थ त्याग का अर्थ है–जो वस्तु या भावना आत्मा की उन्नति में बाधक हो, उसे छोड़ देना और अपनी शक्ति के अनुसार दूसरों के कल्याण में उपयोग करना। जैन धर्म में त्याग के दो प्रमुख रूप समझे जाते हैंः द्रव्य त्याग ङ्क धन, वस्तु आदि का दान करना और आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना। भाव त्याग ङ्क क्रोध, मान, माया, लोभ, राग-द्वेष और अहंकार जैसे बुरे भावों को छोड़ना।उत्तम त्याग की भावना जरूरतमंद की सहायता करना। ज्ञान और धर्म का प्रसार करना। अपनी वस्तुओं में अत्यधिक आसक्ति न रखना। दूसरों के प्रति करुणा और उदारता रखना। मन में राग-द्वेष और लोभ को कम करना। आत्मकल्याण के लिए मोह का त्याग करना।सरल शब्दों मेंः जो वस्तु हमारे पास है, उसे केवल अपने सुख के लिए न रखकर उचित पात्र को देना और मन से लोभ-मोह को छोड़ना ही उत्तम त्याग धर्म है। दशलक्षण धर्म में उत्तम त्याग हमें परिग्रह और आसक्ति कम करके आत्मा की शुद्धि की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।आज देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का अभिषेक शांतिधारा करने का परम सौभाग्य जैन समाज सिमगा के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर श्री प्रदीप जैन और देवेंद्र गुड्डू जैन को मिला।साथ मे समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।आज दशलक्षण महापर्व में उत्तम त्याग धर्म है।

# जमीनी कार्यकर्ता को मिली कमान, सौमित्र सोनी बने डोंगरगढ़ भाजपा शहर मंडल के नए अध्यक्ष

■ पार्टी की तय गाइडलाइन पर खरे उतरे सौमित्र, विनय बंसल फिर महामंत्री, अमित बोस को भी मिली अहम जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 25 सितंबर।** डोंगरगढ़ शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष को लेकर पिछले कई दिनों से चल रही कवायद और संगठन के भीतर की खींचतान पर बुधवार शाम विराम लग गया। भाजपा संगठन ने 41 वर्षीय जमीनी कार्यकर्ता सौमित्र सोनी को डोंगरगढ़ शहर मंडल की कमान सौंपते हुए नई जिम्मेदारी दी है। उनके साथ विनय बंसल और अमित बोस को मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति आदेश प्रदेश भाजपा महामंत्री नवीन मारकंडे के हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सौमित्र सोनी की नियुक्ति के साथ ही लंबे समय से मंडल अध्यक्ष के नाम को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी विराम लग गया। संगठन के लिहाज से युवा चेहरा होने के साथ-साथ लंबे समय से पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले सौमित्र को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति की घोषणा होते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पहुंचकर बधाई दी और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

सौमित्र सोनी भाजपा से बचपन से ही जुड़े रहे हैं। वे भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सदस्य और अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सदस्य के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों, आंदोलनों और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। वर्तमान में वे स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं।

सौमित्र के राजनीतिक एवं संगठनात्मक जुड़ाव की एक महत्वपूर्ण कड़ी उनके पिता स्वर्गीय चमन सोनी भी रहे हैं। चमन सोनी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे और मंडल अध्यक्ष सहित संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। ऐसे में सौमित्र को संगठन की बारीकियों और जमीनी राजनीतिक गतिविधियों का अनुभव पारिवारिक पृष्ठभूमि से भी मिला है।

भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सौमित्र की पहचान ऐसे कार्यकर्ता के रूप में रही है, जो किसी पद पर रहते हुए ही नहीं बल्कि बिना पद के भी संगठन के कार्यक्रमों और पार्टी हित से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे। संगठन के प्रति उनकी निरंतर सक्रियता और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क को उनकी नियुक्ति के प्रमुख पहलुओं के रूप में देखा जा रहा है।

भाजपा संगठन की तय गाइडलाइन के तहत मंडल अध्यक्ष के लिए निर्धारित आयु सीमा में सौमित्र सोनी पूरी तरह फिट बैठते हैं। युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की संगठन की नीति के बीच उनकी नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नई मंडल कार्यकारिणी में विनय बंसल को दोबारा महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व कार्यकारिणी में भी वे महामंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं। संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए पार्टी ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। वहीं युवा कार्यकर्ता अमित बोस को पहली बार महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इससे मंडल संगठन में अनुभव और युवा ऊर्जा के समन्वय का संदेश भी सामने आया है।गौरतलब है कि पूर्व मंडल कार्यकारिणी पर विभिन्न आरोप और संगठनात्मक स्तर पर उठे सवालों के बाद प्रदेश संगठन ने मंडल अध्यक्ष सहित पूरी कार्यसमिति को भंग कर दिया था। इसके बाद करीब तीन महीने तक नए मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर संगठन स्तर पर मंथन चलता रहा। अब नई जिम्मेदारियों की घोषणा के साथ डोंगरगढ़ शहर भाजपा मंडल को नई टीम मिल गई है।

सौमित्र सोनी के सामने अब संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने, आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की चुनौती होगी। उनकी नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और संगठन को मजबूत करने की उम्मीद देखी जा रही है।

## जुलूसे गौसिया बैजनाथपारा से निकाला गया

**रायपुर 25 तिसंबर।** छत्तीसगढ़ गौमुल आजम कमेटी वैजनाथपारा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 23 सितम्बर को जुलूसे गौसिया विशाल पैमाने पर महबूबिया चौक बैजनाथपारा से शाम मात हने प्रारंभ हुआ जो शहर के विभिन्न मार्गो–दरगाहों से होता हुआ सीरत मैदान वैजनाथपारा पहुंचा जहा हजरत मै. मोहम्मद अशरफ अशरफीउल जीलानी साहब किछौछा शरीफ ने परचम कुशाई की रस्म अदा की और हजरत मौलाना एहतेशाम अली फारूकी साहय ने गौस पाक की जीवनी पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर गौसुल आजम एवार्ड (ग्यारह हजार रू.) हजरत मौलाना मो. मुजम्मिल आलम माहब इमाम सुभाष नगर मस्जिद को दिया गया । स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतू डॉ. इस अवसर पर मोफक्किरे इस्लाम एवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतू शेख अब्दुल कादिर साहब को पुरूस्कार दिया गया एवं यूसुफमेमन माहब को पुरूस्कार दिया गया । निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम पुरूस्कार अयान खान नूरानी हायर सेकण्डरी स्कूल को दिया गया ।



# हर घटना के कई पक्ष, हर पक्ष का अपना सवाल है

कोई भी घटना होती है तो उसके कई पक्ष होते हैं और हर पक्ष का अपना सवाल होता है।सब को लगता है कि उसका सवाल सबसे ज्यादा गंभीर है,सबको लगता है कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है। सबको लगता है कि मेरे साथ गलत हुआ है। सही और गलत का फैसला तो जांच के बाद ही हो सकता है। जांच के बाद ही यह साफ हो सकता है कि घटना हुई तो गलती किसकी है। सही कौन है और गलत कौन है।सही गलत का फैसला होने के पहले ही एक दूसरे को गलत मान लेना ठीक नहीं है। आईटीआई मुंबई की घटना के बाद से हो यही रहा है कि जांच हुई नहीं है,जितने पक्ष हैं सब एक दूसरे को गलत ठहरा रहे हैं।कुछ छात्र शिक्षक को गलत ठहरा रहे हैं, छात्र के माता पिता भी शिक्षक को गलत मान रहे हैं।संस्थान के शिक्षक शिक्षक को सही मान रहे हैं। छात्रों की मांग पर छात्र आत्महत्या के बाद संस्थान ने भी जांच के पहले शिक्षक को डीन के पद से हटा दिया है। यानी क्रिया का प्रतिक्रिया होती गई और मामला उलझता चला गया है। संस्थान का मामला है तो इसे संस्थान को निपटाने देना चाहिए लेकिन हमारे देश में कोई मामला एससी,एसटी का होता है तो राजनीतिक दलों को राजनीति करना जरूरी हो जाता है। आईटीआई मुंबई में एक शिक्षक ने एक छात्र को परीक्षा में नकल करते हुए।इस घटना के बाद छात्र ने अपने कमरे में जाकर खुदकुशी कर ली।छात्रों ने मान लिया कि छात्र ने खुदकुशी शिक्षक के व्यवहार कारण की और उन्होंने संस्थान में शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।छात्र के माता पिता ने शिक्षक के खिलाफ एससी,एसटी एक्ट में मामला भी दर्ज करा दिया।संस्थान ने शिक्षक को डीन के पद से हटा दिया।छात्रों की मांगें भी मान ली। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या किसी विद्यार्थी को नकल करते पकड़ना गलत है? इस प्रश्न का जवाब है नहीं। परीक्षा में नकल रोकना शिक्षक की जिम्मेदारी है। यदि किसी विद्यार्थी के पास परीक्षा के दौरान अनुचित साधन पाए जाते हैं, तो संस्थान की निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाती है।मामला एक संस्थान का था तो यहां पर पूरे मामले को सावधानी के हैंडल करने की जिम्मेदारी संस्थान की थी।उससे चूक यह हुई कि जिस विद्यार्थी की मृत्यु हो चुकी है, उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिए बिना उसके खिलाफ अनुशासनात्मक आरोप सार्वजनिक करना अनुचित था। बाद में आईआईटी-बंबई ने स्वयं अपनी पूर्व सूचना पर खेद जताते हुए कहा कि घटना से जुड़े तथ्य अभी जांच के अधीन हैं और जांच पूरी होने से पहले घटनाक्रम को इस तरह प्रस्तुत करना उचित नहीं था। यहीं से सभी पक्ष को सवाल उठाने का मौका मिल गया और सबने सवाल उठाया भी।शिक्षक का पक्ष है कि क्या किसी विद्यार्थी को नकल करते पकड़ना गलत है? इस प्रश्न का जवाब है नहीं। परीक्षा में नकल रोकना शिक्षक की जिम्मेदारी है। यदि किसी विद्यार्थी के पास परीक्षा के दौरान अनुचित साधन पाए जाते हैं, तो संस्थान की निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होना स्वाभाविक है। छात्र आत्महत्या के बाद छात्रों के प्रतिनिधियों ने भी स्पष्ट किया है कि उनका आंदोलन नकल का समर्थन करने के लिए नहीं, बल्कि संस्थागत व्यवस्था और जांच प्रक्रिया को लेकर है। लेकिन नकल पकड़ना और नकल का आरोप सिद्ध हो जाना दो अलग बातें हैं। किसी शिक्षक को परीक्षा में अनुचित साधन रोकने का अधिकार है, लेकिन किसी आरोप को जांच पूरी होने से पहले अंतिम सत्य की तरह प्रस्तुत करना अलग प्रश्न है। साहिल के माता-पिता की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में प्रोफेसर डूला पर जातिगत भेदभाव के आरोप लगाए गए हैं। दूसरी ओर, आईआईटी-बंबई के शिक्षक मंच के अध्यक्ष राजकुमार पंत का दावा है कि संस्थान के अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के पास साहिल की ओर से पिछले तीन-चार महीनों में ऐसी कोई शिकायत दर्ज होने का रिकॉर्ड नहीं है। शिक्षक मंच ने डूला के समर्थन में कहा है कि उन्होंने संस्थान की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना कर्तव्य निभाया।यहीं से अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण कानून के इस्तेमाल को लेकर बड़ी बहस खड़ी होती है। देखा जाये तो अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण कानून का उद्देश्य जातिगत अपमान और अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति को प्रभावी कानूनी सुरक्षा देना है। लेकिन इसी के साथ एक असहज सवाल भी लगातार उठता रहा है कि क्या कुछ मामलों में इस कठोर कानून का इस्तेमाल वास्तविक अत्याचार की बजाय व्यक्तिगत विवाद, संस्थागत संघर्ष या दबाव बनाने के साधन के रूप में किया जाता रहा है।ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या छात्र के माता पिता ने गुस्से में शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। अब जब मामला बहुपक्षीय है तो हर शिकायत की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच होनी चाहिए। मामला चाहे शिक्षक-छात्र का हो, नौकरी का हो, विश्वविद्यालय का हो या निजी विवाद का, पहले आरोप, फिर जांच और उसके बाद निष्कर्ष, यही न्याय का रास्ता है। कानून पीड़ित को सुरक्षा दे, लेकिन किसी निर्दोष को बिना जांच सामाजिक और कानूनी सजा देने का माध्यम नहीं बने। इस मामले में भी आरोपों की जांच बाकी है। न शिक्षक को जांच से पहले दोषी घोषित किया जा सकता है, न विद्यार्थी के खिलाफ लगाए गए अनुशासनात्मक आरोपों को जांच के बिना अंतिम सत्य माना जा सकता है।आईआईटी जैसे संस्थानों की असली परीक्षा केवल कठिन परीक्षा लेने में नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में न्यायपूर्ण व्यवस्था कायम रखने में है। सब चाहते हैं कि नकल रोकिए, कठोरता से रोकिए। परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता मत कीजिए। लेकिन आरोप को जांच से पहले फैसला मत बनाइए।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए सुकून और संतुलन लेकर आएगा। धार्मिक या आध्यात्मिक माहौल में समय बिताने से मन को शांति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है और प्रमोशन या प्रशंसा की खुशखबरी मिल सकती है। कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से चेहरे पर खुशी आएगी। माता-पिता का स्नेह और आशीर्वाद आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं को समझना रिश्ते में और गहराई लाएगा।

वृषभ आज आपको कई मामलों में लाभ और संतोष मिल सकता है। परिवार में शांति बनाए रखने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। किसी जरूरी या निजी बात को हर किसी के साथ साझा करने से बचें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। संतान से जुड़ी कोई बात थोड़ी चिंता दे सकती है, लेकिन धैर्य से स्थिति संभल जाएगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा और कुछ नया करने की इच्छा भी जागेगी।

मिथुन आज आपकी नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास लोगों का ध्यान खींचेंगे। रास्ते में चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन आप अपनी सूझबूझ से उनका सामना करने में सफल रहेंगे। मन में नया कारोबार शुरू करने का विचार आकार ले सकता है। संतान की खुशी के लिए वाहन या किसी बड़ी वस्तु की खरीदारी पर विचार हो सकता है। पुराने कर्ज को कम करने की दिशा में भी अच्छी शुरुआत होगी। योग और व्यायाम से शरीर और मन दोनों को लाभ मिलेगा।

कर्क आज अचानक बढ़ते खर्च आपके बजट को थोड़ा बिगाड़ सकते हैं, इसलिए पैसों के मामले में समझदारी जरूरी होगी। नौकरी बदलने का विचार चल रहा है तो जल्दबाजी करने के बजाय परिस्थितियों को थोड़ा और समझें। अपने काम में ईमानदारी और निरंतरता बनाए रखना आपके लिए लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर छोटे उतार-चढ़ाव परेशान कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर संतान के भविष्य से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है।

सिंह आज किसी नए काम की शुरुआत के लिए समय उत्साह बढ़ाने वाला रहेगा। रिश्तों में प्रेम और अपनापन बढ़ेगा और घर का वातावरण भी खुशनुमा रहेगा। हालांकि कारोबार में बड़े बदलाव करने से फिलहाल बचना बेहतर होगा। पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ खरीदारी और सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों का पढ़ाई के प्रति ध्यान अच्छा बना रहेगा।

कन्या आज मेहनत और लगन आपको कामकाज में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। परिवार में प्रेम और आपसी तालमेल बना रहेगा। दूर रहने वाले किसी प्रिय व्यक्ति की याद मन को भावुक कर सकती है। नौकरीपेशा लोग प्रमोशन या अपनी प्रगति को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए नई जिम्मेदारी या पद की चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य में शुगर या बीपी जैसी समस्याओं को लेकर लापरवाही न करें।

तुला आज का दिन कुछ अतिरिक्त सावधानी की मांग करेगा। परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं और जल्दबाजी में लिया गया फैसला परेशानी बढ़ा सकता है। आर्थिक मामलों में किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचें। परिवार के साथ खुलकर बातचीत करने से पुरानी गलतफहमियां दूर हो सकती हैं। कारोबार में साझेदारी से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें। यात्रा की कोई योजना भी बन सकती है, जो आगे चलकर उपयोगी साबित होगी।

वृश्चिक आज आपके लिए धैर्य और शांत रहना सबसे जरूरी रहेगा। पिछले दिनों की थकान या मानसिक दबाव से धीरे-धीरे राहत महसूस होगी। काम के बीच खुद के लिए थोड़ा समय निकालना आपको तरोताजा रखेगा। जीवनसाथी के साथ चल रही नाराजगी को बातचीत और प्यार से दूर करने की कोशिश करें। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण या उपयोगी जानकारी मिल सकती है। परिवार में विवाह से जुड़ी खुशखबरी आने से वातावरण उत्साह और आनंद से भर सकता है।

धनु करियर के लिहाज से आज का दिन नई संभावनाओं के दरवाजे खोल सकता है। आगे बढ़ने और तरक्की करने के अवसर सामने आएंगे। विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे विद्यार्थियों को कोई अच्छा मौका मिल सकता है। कार्यस्थल की राजनीति से खुद को दूर रखना ही आपके लिए बेहतर रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यापार में आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर बन सकते हैं। सही समय पर लिया गया फैसला आपकी स्थिति को और मजबूत कर सकता है।

मकर आज का दिन कुछ उतार-चढ़ाव के साथ आगे बढ़ेगा। दोस्तों के साथ बातचीत या मुलाकात से मन हल्का और प्रसन्न रहेगा। हालांकि पर्दे के पीछे विरोध करने वालों से थोड़ा सतर्क रहना जरूरी होगा। दिखावे या अनावश्यक खरीदारी में जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। निवेश से जुड़े लोगों को कुछ सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं, लेकिन सोच-समझकर निर्णय लेना जरूरी है। जमीन-जायदाद को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। घर में किसी नए मेहमान के आने से खुशियां बढ़ेंगी।

कुंभ आज कारोबार में कुछ रुकावटें आपको परेशान कर सकती हैं, लेकिन आपकी समझदारी और धैर्य से परिस्थितियां संभल जाएंगी। दांपत्य जीवन में प्रेम और अपनापन बना रहेगा। किसी रिश्तेदार की ओर से अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार के किसी सदस्य की तबीयत बिगड़ने से अचानक जिम्मेदारियां और भागदौड़ बढ़ सकती है। अनजान व्यक्ति की बातों पर तुरंत भरोसा करने के बजाय पहले पूरी जानकारी हासिल करें।

मीन आज जिम्मेदारियों के कारण दिन काफी व्यस्त रह सकता है। वैवाहिक जीवन में छोटी-छोटी बातों को लेकर नोकझोंक हो सकती है, इसलिए बातचीत में संयम रखें। कामकाज में बड़ा जोखिम लेने से फिलहाल बचना समझदारी होगी। परिवार की किसी समस्या को नजरअंदाज करने के बजाय समय रहते उस पर ध्यान दें। मन में चल रही बात किसी भरोसेमंद व्यक्ति या पिता के साथ साझा करने से मन हल्का हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर सामने आ सकते हैं।

## विश्लेषण

# ट्राई का उपभोक्ता हित में बड़ा कदम !

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



वैश्विक स्तरपर भारत में मोबाइल फोन आज केवल संचार का साधन नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है, लेकिन दूरसंचार बाजार में पिछले कुछ वर्षों में एक ऐसी स्थिति बनी जिसमें केवल बातचीत और संदेश सेवा चाहने वाले उपभोक्ताओं को भी प्रायः इंटरनेट डेटा सहित रिचार्ज पैक खरीदना पड़ता था।विशेष रूप से बुजुर्ग,फीचर फोन उपयोगकर्ता ग्रामीण और सीमित आय वाले परिवार, घर में वाई-फाई का इस्तेमाल करने वाले लोग तथा दूसरा मोबाइल नंबर केवल सक्रिय रखने वाले ग्राहक लंबे समय से ऐसे विकल्पों की आवश्यकता महसूस कर रहे थे जिनमें वे उस डेटा के लिए भुगतान न करें जिसका वे इस्तेमाल ही नहीं करते। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र इस आर्टिकल के माध्यम से यह जानकारी देना चाहूंगा कि, इसी पृष्ठभूमि में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण यानी ट्राई ने 22 सितंबर 2026 को दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (तेरहवां संशोधन) विनियम, 2026 जारी किया है।ट्राई की आधिकारिक सूची में इस संशोधन की जारी करने की तारीख 22 सितंबर 2026 दर्ज है।अप्रैल 2026 में जारी इसके मसौदे में यह व्यवस्था प्रस्तावित की गई थी कि विनियम राजपत्र में प्रकाशन के 30 दिन बाद प्रभावी होंगे और सेवा प्रदाताओं को वॉइस तथा एसएमएस के लिए अलग विशेष शुल्क वाउचर उपलब्ध कराने होंगे।इस कदम का मूल उद्देश्य उपभोक्ता को यह अधिकार और विकल्प देना है कि यदि उसे इंटरनेट डेटा नहीं चाहिए तो केवल कॉल और संदेश के लिए उपयुक्त पैक चुन सके।वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण महाशक्ति के रूप में भारत का उदय मेक इन इंडिया पहल और मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम जैसी दूरदर्शी सरकारी नीतियों के चलते भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक आत्मनिर्भरता हासिल की है।बता दें कि 24 सितंबर 2026 को केंद्रीय मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स सचिव के आधिकारिक बयानों के अनुसार, भारत अब अपनी घरेलू मांग का लगभग 99.2 प्रतिशत मोबाइल फोन देश में ही बना या असेंबल कर रहा है। देश में हर साल करीब 32 से 33 करोड़ मोबाइल हैंडसेट का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है, जिसने भारत को कभी दुनिया के सबसे बड़े आयातक देशों की सूची से हटाकर अब एक विनिर्माण केंद्र में बदल दिया है।

साथियों, इस परिवर्तन को समझने के लिए इसकी पृष्ठभूमि देखना आवश्यक है।ट्राई ने दिसंबर 2024 के बारहवें संशोधन के माध्यम से पहले ही वॉइस और एसएमएस वाले विशेष शुल्क वाउचर की व्यवस्था की थी,लेकिन व्यवहार में ऐसे विकल्पों की उपलब्धता अपेक्षाकृत सीमित रही।ट्राई की आधिकारिक जानकारी के अनुसार वॉइस और एसएमएस मात्र वाले पैक ऐसे प्रीपेड प्लान हैं जिनमें इंटरनेट डेटा शामिल नहीं होता और इनकी वैधता 365 दिन तक हो सकती है। समस्या यह थी कि बाजार में कॉल एसएमएस और डेटा को एक साथ जोड़ने वाले अनेक पैक तथा अलग- अलग अवधि के विकल्प उपलब्ध थे, जबकि केवल कॉल और संदेश चाहने वाले ग्राहकों के सामने तुलनात्मक रूप से कम विकल्प थे। अप्रैल 2026 में ट्राई ने इसी स्थिति में सुधार के लिए तेरहवें संशोधन का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया था और विभिन्न उपभोक्ता संगठनों, उद्योग संस्थाओं तथा रिलायंस जियो, भारती एयरटेल औरवोडाफोन आइडिया जैसे सेवा प्रदाताओं से टिप्पणियां प्राप्त की थीं। यानी यह फैसला अचानक नहीं आया, बल्कि कई महीनों की नियामकीय परामर्श प्रक्रिया के बाद सामने आया है।

साथियों, नए नियामकीय ढांचे की सबसे महत्वपूर्ण अवधारणा यह है कि वॉइस और एसएमएस चाहने वाले ग्राहक को डेटा खरीदने के लिए बाध्य न होना पड़े और उसे संबंधित वैधता अवधि में अलग विकल्प उपलब्ध हो। अप्रैल में प्रकाशित आधिकारिक मसौदे में प्रस्ताव था कि सेवा प्रदाता जिस- जिस वैधता अवधि में वॉइस, एसएमएस और डेटा वाला विशेष शुल्क वाउचर उपलब्ध कराता है, उसी के अनुरूप वॉइस और एसएमएस मात्र वाला विशेष शुल्क वाउचर भी उपलब्ध कराए। इतना ही नहीं, डेटा हटाए जाने के कारण संबंधित पैक के शुल्क में भी मोटे तौर पर आनुपातिक कमी रखने का प्रस्ताव किया गया था।सरल शब्दों में समझें तो यदि किसीकंपनी के पास किसी निश्चित अवधि का कॉल, एसएमएस और डेटा वाला पैक है,तो नियामकीय व्यवस्था का उद्देश्यउसी प्रकार की अवधि में बिना डेटा का विकल्प उपलब्ध कराना है। इससे ग्राहक के सामने वास्तविक चुनाव की गुंजाइश बढ़ेगी और दूरसंचार बाजार में जिस सेवा का उपयोग नहीं, उसका भुगतान क्यों? जैसे बुनियादी उपभोक्ता प्रश्न का समाधान करने का प्रयास होगा।

साथियों, हालांकि यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य समझना आवश्यक है,ट्राई ने सभी मोबाइल रिचार्ज सस्ते करने की कोई सार्वभौमिक कीमत तय नहीं की है। इसलिए यह कहना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक ग्राहक का मासिक मोबाइल बिल निश्चित रूप से घट जाएगा। राहत मुख्यतः उन ग्राहकों को मिलने की संभावना है जिन्हें इंटरनेट डेटा की आवश्यकता नहीं है और जो अब तक डेटा सहित पैक खरीदते रहे हैं। यदि किसी उपभोक्ता को प्रतिदिन इंटरनेट डेटा चाहिए तो उसके लिए मौजूदा डेटा आधारित योजनाओं की उपयोगिता बनी रहेगी। दूसरी ओर,यदि घर के किसी बुजुर्ग का फोन केवल कॉल के लिए इस्तेमाल होता है,किसी परिवार ने आपातकालीन संपर्क के लिए दूसरा सिम रखा है, कोई व्यक्ति मोबाइल इंटरनेट के बजाय वाई-फाई पर निर्भर है अथवा कोई फीचर फोन इस्तेमाल करता है, तो ऐसे उपभोक्ताओं के लिए बिना डेटा वाले विकल्प अधिक उपयोगी हो सकते हैं। इसलिए इसे पूरे मोबाइल बाजार में कीमत घटाने वाला फैसला कहने की जगह उपभोक्ता विकल्प और शुल्क की तार्किकता बढ़ाने वाला नियामकीय हस्तक्षेप कहना सटीक होगा।

साथियों, इस फैसले का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू वैधता अवधि से जुड़ा है। उपभोक्ताओं की पुरानी शिकायतों में से एक यह रही है कि महीने के सामान्य अर्थ और 28 दिन की दूरसंचार वैधता में अंतर होने के कारण उन्हें वर्ष में सामान्य बारह मासिक भुगतानों की तुलना में अधिक बार रिचार्ज करना पड़ सकता है।नई व्यवस्था काव्यापक उद्देश्य केवल लंबी अवधि वाले बिना डेटा पैकों तक विकल्प सीमित न रहने देना, बल्कि अलग-अलग वैधताओं में उपभोक्ता की पसंद बढ़ाना है। साथ ही लंबे समय के वॉइस-एसएमएस विकल्प भी प्रासंगिक बने रहेंगे। ट्राई स्वयं स्पष्ट करता है कि वॉइस और एसएमएस मात्र वाले प्लान की वैधता 365 दिन तक हो सकती है। इसका अर्थ है कि अलग-अलग जरूरतों वाले उपभोक्ता चाहे अल्प अवधि का पैक चाहें अथवा लंबी अवधि का अपने उपयोग के अनुरूप योजना चुनने की बेहतर स्थिति में सटीकता से आ सकते हैं।

साथियों, इस नियामकीय बदलाव का सीधा प्रभाव भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की शुल्क रणनीति पर पड़ सकता है। कंपनियों को अब डेटा आधारित पैकों के समानांतर बिना डेटा वाले विकल्पों को अधिक व्यवस्थित तरीके से तैयार और प्रदर्शित करना पड़ सकता है। इससे दूरसंचार बाजार में प्रतिस्पर्धा का एक नया क्षेत्र विकसित हो सकता है,जहां मुकाबला केवल कितना डेटा मिलेगा पर नहीं बल्कि बिना अनावश्यक सेवा के ग्राहक को कितनी किफायती मूल संचार सुविधा मिलेगी पर भी केंद्रित होगा। हालांकि कंपनियों के लिए राजस्व, नेटवर्क निवेश और औसत प्रति ग्राहक आय जैसे व्यावसायिक पहलू भी महत्वपूर्ण हैं। परामर्श प्रक्रिया के दौरान उद्योग पक्ष से शुल्क निर्धारण की स्वतंत्रता, निवेश प्रोत्साहन और बाजार संबंधी चिंतियां उठाई गई थीं, जबकि उपभोक्ता संगठनों ने ऑफॉर्डएबिलिटी,चॉइस और ट्रांसपेरेंसी अर्थात सामर्थ्य, विकल्प तथा पारदर्शिता को प्रमुख आधार बनाया। उदाहरणतः एक उपभोक्ता संगठन ने प्रस्ताव को उपभोक्ता विकल्प, सामर्थ्य, पारदर्शिता और पहुंच बढ़ाने वाला बताया था।

साथियों, सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव डिजिटल समावेशन के एक अलग पहलू में दिखाई देता है। आम तौर पर डिजिटल समावेशन का अर्थ प्रत्येक व्यक्ति तक इंटरनेट पहुंचाना माना जाता है, लेकिन उपभोक्ता संरक्षण का अर्थ यह भी है कि जो व्यक्ति इंटरनेट नहीं चाहता, उसे भी मोबाइल संचार से वंचित न होना पड़े या इंटरनेट सेवा का अनावश्यक मूल्य न चुकाना पड़े। भारत जैसे विशाल और विविध देश में एक तरफ पांचवीं पीढ़ी की मोबाइल सेवाएं,तेज इंटरनेट और डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ रही हैं,वहीं दूसरी तरफ ऐसे लाखों परिवार और नागरिक भी हैं जिनके लिए मोबाइल का प्राथमिक अर्थ आज भी फोन करना और फोन प्राप्त करना है। ऐसे में नियमन का लक्ष्य तकनीकी प्रगति को रोकना नहीं, बल्कि अलग-अलग प्रकार के उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत के अनुसार सेवा चुनने की स्वतंत्रता देना है। यही कारण है कि इस निर्णय को केवल "सस्ता रिचार्ज" कहकर सीमित कर देना इसके व्यापक उपभोक्ता संरक्षण पक्ष को कम करके देखना होगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि यदि हम पूरे घटनाक्रम का समग्र विश्लेषण करें तो दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (तेरहवां संशोधन) विनियम, 2026 भारतीय मोबाइल शुल्क व्यवस्था में एक ही प्रकार का पैकेज सबके लिए वाली सोच से आगे बढ़कर आवश्यकता आधारित विकल्पों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम दिखाई देता है। यह व्यवस्था हर मोबाइल उपभोक्ता का रिचार्ज अपने आप सस्ता नहीं करेगी और न ही ट्राई ने प्रत्येक पैक की कोई निश्चित कम कीमत घोषित की है; इसका वास्तविक महत्व इस बात में है कि केवल वॉइस और एसएमएस चाहने वाले ग्राहक को डेटा के बिना अधिक सार्थक विकल्प मिलें। अब असली परीक्षा इसके क्रियान्वयन की होगी, कंपनियां कितने स्पष्ट, आसानी से उपलब्ध और वास्तविक रूप से किफायती बिना डेटा वाले विकल्प प्रस्तुत करती हैं, ग्राहक उन्हें कितनी आसानी से पहचान पाते हैं और बाजार में प्रतिस्पर्धा उनकी कीमतों को किस दिशा में ले जाती है। यदि इसका क्रियान्वयन नियमन की मूल भावना के अनुरूप होता है, तो यह फैसला बुजुर्गों, फीचर फोन उपयोगकर्ताओं, दूसरे सिम धारकों, सीमित डेटा उपयोगकर्ताओं और खर्च के प्रति संवेदनशील परिवारों के लिए दूरसंचार क्षेत्र में जितनी जरूरत,उतना भुगतान के सिद्धांत को अधिक मजबूत कर सकता है।

# प्रकृति को समझें, अंधविश्वास से नहीं विज्ञान से जुड़ें

शरद विषुव (Autumnal Equinox) पृथ्वी की खगोलीय व्यवस्था से जुड़ी एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक घटना है। यह हमें प्रकृति की अद्भुत व्यवस्था को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने का अवसर देता है। शरद विषुव वह खगोलीय क्षण है जब सूर्य का प्रत्यक्ष Subsolar Point भूमध्य रेखा (Equator) पर पहुँचता है। इस समय सूर्य की किरणें भूमध्य रेखा पर लगभग लंबवत पड़ती हैं। इसके बाद सूर्य का प्रत्यक्ष मार्ग उत्तरी गोलार्ध से दक्षिणी गोलार्ध की ओर बढ़ता हुआ दिखाई देता है। इसके साथ ही उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु से शरद ऋतु की ओर, जबकि दक्षिणी गोलार्ध में शीत ऋतु से वसंत ऋतु की ओर ऋतु परिवर्तन का क्रम आगे बढ़ता है।



**दिन और रात लगभग बराबर-** 'Equinox' का अर्थ Equal Night अर्थात ऐसी स्थिति है, जब दिन और रात की अवधि लगभग बराबर होती है। हालांकि, वायुमंडलीय अपवर्तन तथा सूर्योदय और सूर्यास्त की वैज्ञानिक परिभाषाओं के कारण अधिकांश स्थानों पर दिन और रात बिल्कुल 12-12 घंटे के नहीं होते।

**भूमध्य रेखा पर 'Zero Shadow'-**विषुव के आसपास भूमध्य रेखा पर दोपहर के समय सूर्य लगभग सिर के ठीक ऊपर दिखाई दे सकता है। इसलिए किसी सीधी खड़ी वस्तु की छाया उस समय बहुत छोटी हो सकती है और कुछ स्थानों पर लगभग 'Zero Shadow' जैसी स्थिति दिखाई दे सकती है।

**पृथ्वी की गति और ऋतु परिवर्तन-** ऋतु परिवर्तन के पीछे वैज्ञानिक कारण हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है और उसकी धुरी लगभग 23.5 डिग्री झुकी हुई है। पृथ्वी के अक्षीय झुकाव और सूर्य के चारों ओर उसकी परिक्रमा के कारण वर्ष भर सूर्य की प्रत्यक्ष स्थिति तथा पृथ्वी के विभिन्न भागों में मिलने वाले सूर्य के प्रकाश की मात्रा बदलती रहती है। इसलिए सूर्य की स्थिति में होने वाले परिवर्तन, दिन-रात की अवधि और ऋतु-चक्र को किसी चमत्कार या अलौकिक घटना के रूप में देखने के बजाय इनके पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझना चाहिए।

**अंधविश्वास के स्थान पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण-** प्रकृति में होने वाली प्रत्येक घटना को समझने के लिए जिज्ञासा, प्रश्न करने की प्रवृत्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण आवश्यक है। ग्रहण, विषुव, संक्रांति, ऋतु परिवर्तन या आकाशीय घटनाओं को लेकर समाज में प्रचलित भ्रांतियों और अंधविश्वासों को तथ्यों तथा वैज्ञानिक जानकारी के माध्यम से दूर किया जा सकता है। विज्ञान हमें डरना नहीं, समझना सिखाता है। प्रश्न करना सिखाता है, अंधविश्वास करना नहीं। अतः शरद विषुव के अवसर पर आइए हम प्रकृति की इस अद्भुत खगोलीय व्यवस्था को समझें और समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तर्कशील सोच को बढ़ावा दें। "प्रकृति को समझें, उसके रहस्यों को जानें। अंधविश्वास नहीं—वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएँ।"

**डॉ. दिनेश मिश्र**
**अध्यक्ष -अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति**

# विकसित राज्य @2047: शिक्षा, नवाचार और युवा शक्ति से गढ़ी जा रही स्वर्णिम भारत की नई गाथा

**विष्णु प्रसाद वर्मा सहायक संचालक**

किसी भी समृद्ध और सर्वसुविधायुक्त राज्य का निर्माण केवल भौतिक संसाधनों से नहीं, बल्कि उसके युवाओं की बौद्धिक क्षमता और कार्यकुशलता से संभव होता है। इसी दूरदर्शी सोच के साथ प्रदेश के विकास मॉडल के केंद्र में 'GYAN' यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को रखा गया है। युवाओं को आर्थिक और सामाजिक उन्नति का मुख्य आधार मानते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक व्यापक और परिणामोन्मुख कायाकल्प की शुरुआत की जा चुकी है। अब शिक्षा को केवल औपचारिक डिग्रियों तक सीमित न रखकर आधुनिक उद्योगों की माँग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और व्यावसायिक बनाया जा रहा है।

**उच्च शिक्षा में मिशन मोड: उपलब्धियां और लक्ष्य-**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत उच्च शिक्षा विभाग पूरी तरह से 'मिशन मोड' में कार्य कर रहा है। 'उच्च शिक्षा मिशन योजना' के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि प्रदेश का सकल नामांकन अनुपात (GER) वर्ष 2021-22 के 19.6 प्रतिशत से उल्लेखनीय बढ़त हासिल करते हुए वर्तमान में 27.5 प्रतिशत तक पहुँच गया है, जिसे वर्ष 2035 तक 50 प्रतिशत करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण और समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक सर्वसुविधायुक्त 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही, शोध और अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'राज्य रिसर्च एवं इनोवेशन योजना' का खाका तैयार किया गया है। शिक्षा को जड़ों से जोड़ने के लिए आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणाली को भी विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रमुखता से शामिल किया गया है।

**गुणवत्ता, अवसंरचना और रोजगार के नए अवसर-** शिक्षा में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैक (NAAC) मूल्यांकन पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिसके तहत पात्र 254 शासकीय महाविद्यालयों में से 200 तथा 09 में से 05 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन सफलता से पूर्ण हो चुका है। भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शैक्षणिक अवसंरचना का भी तेज़ी से विस्तार किया जा रहा है; वर्ष 2025–26 में 08 नए शासकीय महाविद्यालय, 05 नए निजी महाविद्यालय और 03 नए निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। संस्थाओं में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल व क्रीड़ाधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे ये समन्वित प्रयास वर्ष 2047 के स्वर्णिम और विकसित प्रदेश की एक सुदृढ़ नींव रख रहे हैं।




## सू- दोकू क्र.171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -171

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



## शब्द सामर्थ्य क्रमांक170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | ताँ | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## एक नजर

### मोबाइल के चक्कर में कम हो रही बातचीत सेहत के लिए ठीक नहीं : डॉ. लहरी

**दंतेवाड़ा, 25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संवाददाता जुगल किशोर डण्डौतिया की रिपोर्ट। आजकल हर हाथ में मोबाइल है, लेकिन लोगों के बीच आपसी बातचीत कम होती जा रही है। यह हमारे रिश्तों और दिमागी सेहत के लिए चिंता की बात है। सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने बताया कि पहले 2005 में लोग रोज करीब 16 हजार शब्द बोलते थे, अब 2019 तक यह घटकर 12 हजार ही रह गया है। सबसे ज्यादा कमी पड़ोसी, साथ काम करने वालों और अनजान लोगों से होने वाली रोज की बातचीत में आई है। डॉ. लहरी का कहना है कि इंसानी समाज बातचीत से ही चलता है। आसपास के लोगों से बात करने से मन का तनाव कम होता है और अपनापन बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल में घुसे रहने के बजाय परिवार, पड़ोस और काम की जगह पर लोगों से खुलकर बात करनी चाहिए।



### बस्तर दशहरा : श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई डेरी गड़ाई की रस्म

**जगदलपुर, 25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बस्तर दशहरा के अंतर्गत मण्डप आच्छादन का मुख्य आधार मानी जाने वाली पावन रस्म डेरी गड़ाई गुरुवार को सिरहासार भवन में पूरे पारंपरिक विधि-विधान, लोक-संस्कृति और देव-विधान के तहत अत्यंत गरिमामयी माहौल में संपन्न हुई। इस रस्म के विधिवत निर्वहन के साथ ही बस्तर दशहरा के विशाल मांगलिक मंडप की आधारशिला रखी गई है।पुरातन लोक-परंपरा का पालन करते हुए नगर सीमा से लगे ग्राम बिलोरी से ग्रामीण दो विशेष काष्ठ स्तंभों (लकड़ियों) को लेकर सिरहासार भवन पहुंचे, जिन्हें स्थानीय बोली और संस्कृति में डेरी कहा जाता है। इसके पश्चात सिरहासार भवन परिसर में इन पावन काष्ठ स्तंभों की पारंपरिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद स्थापना की गई। डेरी गड़ाई और मण्डप आच्छादन का यह मंगल विधान पूर्ण होते ही समूचा परिसर असीम उल्लास से भर उठा। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार डेरी स्थापना के तुरंत बाद मेंबरीनों द्वारा अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ हल्दी खेली गई, जिसने बस्तर दशहरा के इस पावन अवसर को एक भव्य मांगलिक प्रसंग की तरह आत्मीयता व आनंद के रंगों से सराबोर कर दिया। इस ऐतिहासिक एवं पारंपरिक आयोजन में जनभागीदारी और प्रशासनिक सहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष श्री महेश कश्यप, बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष श्री बलराम मांझी, महापौर श्री संजय पाण्डे सहित कमिश्नर श्री डोमन सिंह, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा तथा अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही विभिन्न परगनों से पहुंचे मांझी-चालकी, नाइक-पाइक, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, गायता, सिरहा-गुनिया, पेरमा सहित बड़ी संख्या में पारंपरिक मुखिया और श्रद्धालु नागरिक इस मांगलिक अनुष्ठान के साक्षी बने।

### बस्तर में मूसलाधर बारिश का सिलसिला जारी,जगदलपुर-हैदराबाद फ्लाइट हुई रद्द

**जगदलपुर, 25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर में बंगाल की खाड़ी में बने गहरे अवदाब के चलते पिछले दो दिनों से आसमान में घने बादल छाए रहने और रुक-रुककर बारिश जारी रही, वहीं आज गुरूवार सुबह से मौसम विभाग के पूर्वानुमान के भारी बारिश के अनुमान के अनुसार मूसलाधर बारिश का सिलसिला जारी है। जिसके चलते बस्तर जिले में 24 सितंबर को सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों में अवकाश घोषित दिया गया, वहीं गुरुवार को जगदलपुर से हैदराबाद की फ्लाइट रद्द करनी पड़ी है। मौसम खराब होने से 30 से अधिक यात्री हैदराबाद के लिए रवाना नहीं हो सके। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश और बादल बने रहे तो हवाई सेवा प्रभावित हो सकती है। सितंबर में अब तक बस्तर जिले में 156.6 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से लगभग 11 मिमी. अधिक है। जगदलपुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को मौसम खराब होने के कारण हैदराबाद की उड़ान का संचालन नहीं हो सका। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और मूसलाधर बारिश का दौर जारी रहा। खराब मौसम के चलते विमान के संचालन और सुरक्षा को देखते हुए फ्लाइट रद्द करनी पड़ी। इससे 30 से अधिक यात्रियों को अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी। मौसम में आए बदलाव का असर सिर्फ हवाई सेवा पर ही नहीं, बल्कि शहर और आस-पास के इलाकों में भी देखने को मिल रहा है।

# नगर पंचायत चुनाव से पहले जमीन विवाद पर आरोप-प्रत्यारोप जारी

- विधायक विक्रम मंडावी ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की, कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 25 सितंबर।** भोपालपट्टनम और भैरमगढ़ नगर पंचायतों में आगामी नगरीय निकाय चुनावों से पहले भूमि संबंधी नोटिस और कथित कब्जों को लेकर राजनीतिक विवाद सामने आया है। बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने भोपालपट्टनम में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए भूमि संबंधी सभी शिकायतों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम भोपालपट्टनम को ज्ञापन भी सौंपा।



विधायक मंडावी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को भूमि बेदखली के नाम पर नोटिस जारी कर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि भोपालपट्टनम क्षेत्र में भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं और पदाधिकारियों के खिलाफ अनुसूचित एवं आदिवासी क्षेत्रों की भूमि पर कथित कब्जे की शिकायतें की गई हैं, लेकिन उन शिकायतों पर अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

मंडावी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बसंतराव ताटी को जारी नोटिस का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने प्रशासन से न्यायालय में लंबित मामलों में अनावश्यक दबावपूर्ण कार्रवाई से बचने की मांग की। कांग्रेस ने मांग की है कि भूमि कब्जे से जुड़ी सभी शिकायतों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए और नगरीय निकाय चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में कराए जाएं। विधायक ने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस प्रशासनिक दबाव और अनुसूचित क्षेत्रों में कथित भूमि कब्जों के मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी।

मामले में प्रशासन की ओर से यह कहा गया है कि कांग्रेस की ओर से उठाए गए नए नामों की जांच कराई जाएगी और संबंधित पटवारी से रिपोर्ट मंगाई जाएगी। रिपोर्ट के तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, शंकर कुड़ियम, नीना रावतिया उद्दे, बसंतराव ताटी, मिच्छा मुतैया सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिलिंग बदली तो उपभोक्ताओं के उड़े होश

- 300-500 रुपये के बिल से सीधे हजारों पहुंचने का दावा, चार माह की रीडिंग पर सवाल
- उपभोक्ताओं का आरोप—पहले कम यूनिट दर्ज हुई, अब एक साथ बढ़ी खपत दिखाकर बढ़ा दिया बिल

■ राजकुमार कोण्डागुरला

**बीजापुर 25 सितम्बर।** जिले में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का दावा है कि जिन घरों में पहले 300 से 500 रुपये के आसपास मासिक बिजली बिल आता था, वहां अब अचानक दो हजार रुपये या उससे अधिक की राशि पहुंच रही है। सबसे बड़ा सवाल उन मामलों को लेकर उठ रहा है, जहां पिछले कई महीनों तक खपत कम दिखाई गई और अचानक एक ही महीने में कई गुना यूनिट दर्ज हो गई।

शांतिनगर निवासी एक उपभोक्ता के अनुसार उसके घर में लगातार करीब 84-85 यूनिट प्रतिमाह की खपत दर्ज होती रही और उसी आधार पर बिल का भुगतान भी किया गया। लेकिन चालू माह में अचानक 375 यूनिट खपत दर्ज होने से बिल कई गुना बढ़ गया। उपभोक्ता का कहना है कि जब हर महीने विभाग द्वारा जारी बिल का भुगतान किया गया तो अचानक इतनी अधिक खपत कैसे सामने आई, इसकी जांच होनी चाहिए।

**शुरू में कम बिलिंग का झांसा, फिर रीडिंग बढ़ाकर अतिरिक्त वसूली:** उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी आपत्ति मीटर रीडिंग के पैटर्न को लेकर है। शुरूआत में कम



बिलिंग का झांसा देकर, फिर अचानक रीडिंग बढ़ाकर अतिरिक्त राशि वसूली की बात सामने आ रही है। एक माह में 200 यूनिट खपत से ज्यादा होने पर प्रति यूनिट 2 रुपए अतिरिक्त वसूल ली जाती है और रिबेट भी नहीं दिया जाता है। उपभोक्ता सवाल है कि यदि घर में बिजली का उपयोग लगातार हो रहा था तो चार-पांच महीनों तक खपत लगभग एक जैसी कैसे रही और फिर अचानक एक माह में कई गुना बढ़ गई?

वहीं विभागीय सूत्रों ने बताया कि पहले कम खपत दर्ज होने के कारण बिल कम आया और बाद में रीडिंग अपडेट होने पर पिछली खपत एक साथ जोड़ दी गई। हालांकि, इसकी स्वतंत्र पुष्टि की जानी शेष है। ऐसे में उपभोक्ताओं की मांग है कि विभाग पुरानी मीटर रीडिंग, स्मार्ट मीटर डेटा, बिलिंग रिकॉर्ड और वास्तविक खपत का मिलान कर स्थिति स्पष्ट करे।

**हर माह बिल भरा, फिर अचानक हजारों का झटका क्यों:** उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने विभाग द्वारा जारी बिलों का नियमित भुगतान किया है। यदि मीटर रीडिंग या डेटा अपडेट में कोई तकनीकी समस्या थी तो उसका समाधान समय पर किया जाना चाहिए था। कई माह की खपत को एक साथ जोड़ने से यदि बिल बढ़ा है तो विभाग को उसका पूरा हिसाब उपभोक्ता के सामने रखना चाहिए। उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर में दर्ज वास्तविक खपत और बिल में लगाई गई राशि के बीच पारदर्शिता जरूरी है।

**85 यूनिट से 375 यूनिट—बिलिंग का पूरा गणित सार्वजनिक करने की मांग:** उपभोक्ताओं के अनुसार 85 यूनिट के आसपास खपत वाले बिल लगातार जमा किए गए। अब अचानक 375 यूनिट की खपत दिखने से बिल की राशि बढ़ गई। उनका दावा है कि अधिक खपत वाले स्लैब में पहुंचने के कारण पहले मिलने वाली रियायत/छूट का लाभ भी प्रभावित हो रहा है और 1000 से 1200 रु अतिरिक्त राशि का भार पड़ रहा है। यही वजह है कि उपभोक्ता अब केवल बिल सुधार की मांग नहीं कर रहे, बल्कि यह जानना चाहते हैं कि हर महीने स्मार्ट मीटर में कितनी यूनिट दर्ज हुई, कब रीडिंग अपडेट हुई और किस आधार पर अंतिम बिल तैयार किया गया।

**आवापल्ली में करीब 50 हजार का बिल भी सुर्खियों में:** स्मार्ट मीटर से बढ़े बिल का एक मामला आवापल्ली क्षेत्र में भी सामने आ चुका है। स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार महिला उपभोक्ता महादेव गोलधर के चिकन दुकान कनेक्शन पर करीब 50 हजार रुपये का बिल आया था। महिला के अनुसार करीब 30 हजार रुपये जमा करने के बाद भी कनेक्शन काट दिया गया। मामले में मीटर रीडिंग और वास्तविक खपत की जांच की मांग उठी थी।

यह मामला अकेला है या जिले में ऐसी शिकायतों की संख्या अधिक है, यह बिजली विभाग की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। लेकिन लगातार सामने आ रही शिकायतों ने स्मार्ट मीटर की बिलिंग व्यवस्था को लेकर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

**स्मार्ट मीटर पर सियासत भी तेज:** बीजापुर जिले में स्मार्ट मीटर को लेकर राजनीतिक विरोध भी सामने आया है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भोपालपटनम, भैरमगढ़, बीजापुर समेत अलग-अलग क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर अभियान चलाए जाने की रिपोर्ट सामने आई है। विधायक विक्रम मंडावी ने भी स्मार्ट मीटर और बढ़े बिजली बिलों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं।वहीं, बिजली विभाग की ओर से अन्य क्षेत्रों में यह तर्क दिया गया है कि स्मार्ट मीटर स्वयं बिल नहीं बढ़ाता, बल्कि वास्तविक खपत के आधार पर बिल तैयार करता है। ऐसे में बीजापुर के मामलों में वास्तविक स्थिति मीटर डेटा और विभागीय जांच से ही स्पष्ट हो सकेगी।

**अब विभाग की जांच पर टिकी नजर:** स्मार्ट मीटर को लेकर बीजापुर में उठ रहे सवालों का सबसे अहम जवाब बिजली विभाग को देना है—क्या बढ़ी हुई यूनिट वास्तव में उपभोक्ता की अतिरिक्त खपत है, पिछली रीडिंग का समायोजन है या मीटर/डेटा/बिलिंग प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी समस्या? उपभोक्ताओं ने मांग की है कि विभाग शिकायतों की केस-दर-केस जांच करे और पुरानी तथा वर्तमान रीडिंग का पूरा विवरण उपलब्ध कराए। इससे न केवल गलत बिल की शिकायतों का समाधान होगा, बल्कि स्मार्ट मीटर को लेकर पैदा हो रहे भ्रम और अविश्वास की स्थिति भी साफहोगी।

**4 बड़े सवाल :** 1. चार माह तक 84-85 यूनिट, अचानक 375 यूनिट कैसे? 2. हर महीने बिल जमा हुआ तो पिछली खपत अचानक एक साथ क्यों जुड़ी? 3. मीटर की पुरानी रीडिंग और स्मार्ट मीटर डेटा का मिलान हुआ या नहीं? 4. बढ़े बिलों की शिकायतों पर विभाग की जांच रिपोर्ट कब सामने आएगी?

## संगमपल्ली में शराब दुकान को लेकर सियासत तेज, नीना रावतिया उद्दे ने लगाए गंभीर आरोप

- जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और आबकारी विभाग पर ग्रामीणों पर दबाव बनाने का आरोप; दुकान नहीं खोलने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 25 सितंबर।** भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम संगमपल्ली में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जिला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री नीना रावतिया उद्दे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, उपाध्यक्ष पेरे पुल्लेया और आबकारी विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

नीना रावतिया उद्दे ने आरोप लगाया कि 20 सितंबर 2026 को जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने आबकारी अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की बैठक लेकर शराब दुकान खोलने को लेकर दबाव बनाया। उन्होंने दावा किया कि बैठक में ग्रामीणों की सहमति और आपत्ति को लेकर भी सवाल उठे तथा कथित तौर पर दबाव बनाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार नशामुक्ति की बात करती है, वहीं दूसरी ओर संगमपल्ली में शराब दुकान खोलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि गांव में शराब दुकान खोलने से कौन-सा विकास होगा, इसे सरकार और संबंधित जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट करना चाहिए।

गौरतलब है कि संगमपल्ली में नई कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान के संचालन के लिए भवन किराए पर लेने संबंधी निविदा प्रक्रिया पहले भी सामने आ चुकी है। वहीं अगस्त में शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों के प्रदर्शन की भी रिपोर्ट सामने आई थी। नीना रावतिया उद्दे ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीणों की इच्छा और आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए संगमपल्ली में शराब दुकान नहीं खोली जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुकान खोली जाती है तो इसके विरोध में भाजपा, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और आबकारी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। खबर लिखे जाने तक जिला पंचायत अध्यक्ष या संबंधित पक्ष का बयान प्राप्त नहीं हुआ है।

## एनएमडीसी ने किया सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए हिंदी निबंध लेखन एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हैदराबाद 25 सितंबर।** एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद में दिनांक 14 सितंबर, 2026 से 13 अक्तूबर, 2026 तक मनाए जा रहे 'राजभाषा माह, 2026' के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत विद्यार्थियों में राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार व महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर एनएमडीसी द्वारा आज दिनांक 24 सितंबर, 2026 को (1) नामपल्ली व्यायाम शाला उच्च माध्यमिक विद्यालय, (2) हनुमान व्यायाम शाला उच्च माध्यमिक विद्यालय, (3) तेलंगाना मॉइनारिटी गुरूकुल आसिफ नगर बालक विद्यालय एवं (4) इंडो ग्रामर उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा (5) शंकरजी मेमोरियल कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय आदि पाँच विद्यालयों के छात्र– छात्राओं के लिए हिंदी निबंध लेखन एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता (1) जलवायु परिवर्तन: भावी पीढ़ियों पर प्रभाव, (2) छात्रों के समग्र विकास में खेलकूद की भूमिका एवं (3) समय प्रबंधन: सफलता की कुंजी आदि विषयों पर कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई तथा हिंदी वाक् प्रतियोगिता (1) वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में युवा पीढ़ी की भूमिका एवं (2) कृत्रिम बुद्धिमत्ता: रोजगार पर प्रभाव आदि विषयों पर कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में श्री जयशंकर प्रसाद, सहायक निदेशक (सेवानिवृत्त), हिंदी शिक्षण योजना एवं श्रीमती नीलिभा तिवारी, सहायक निदेशक (सेवानिवृत्त), हिंदी शिक्षण योजना उपस्थित थे।

# एकलव्य आवासीय स्कूल के प्राचार्य पर छात्रों ने लगाए प्रताड़ना के आरोप

- कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कार्रवाई की मांग, हॉस्टल की व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता पर भी उठाए सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 25 सितंबर।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्रों ने प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है। छात्रों ने आवेदन के माध्यम से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। छात्रों का आरोप है कि प्राचार्य अनिल मिश्रा द्वारा उन्हें कथित रूप से मानसिक रूप से परेशान किया जाता है। आवेदन में छात्रों ने जबरन टीसी काटने की धमकी देने तथा कुछ बच्चों को स्कूल से बाहर किए जाने का भी आरोप लगाया है। छात्रों ने हॉस्टल की व्यवस्थाओं को लेकर भी शिकायत की है। उनका




कहना है कि हॉस्टल में साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं है तथा भोजन और पानी की गुणवत्ता को लेकर भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने इन व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है। छात्रों ने कलेक्टर से पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में छात्रों ने समस्याओं का समाधान कर विद्यालय एवं छात्रावास में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## सेवा संकल्प अभियान में भाजपा में शामिल हुए 55 सेवानिवृत्त शिक्षक



- अटल सदन में शिक्षक सम्मान समारोह, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 25 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बीजापुर के शिक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला भाजपा कार्यालय स्थित अटल सदन में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसी दौरान 55 सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, सेवानिवृत्त शिक्षकों ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुशासन से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने नए सदस्यों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। महेश गागड़ा ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के पास शिक्षा और समाज सेवा का लंबा अनुभव है। उनका अनुभव और सामाजिक जुड़ाव समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को पहुंचाने में उपयोगी साबित हो सकता है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह ठाकुर, राजू कलमू, आनकारी सुधाकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला तोकल, मंडल अध्यक्ष अशोक राव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिहर साहनी सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारी बारिश के बीच आयोग सदस्य ने किया जिले के एक छोर से दूसरे छोर तक दौरा

- दूरस्थ गांवों में पहुंचकर स्कूल, आंगनबाड़ी व आश्रमशालाओं का लिया जायजा, बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 24 सितंबर।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों का धुआंधार दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। बारिश के बावजूद उन्होंने डोलेरास, कुन्दनपाल, भण्डाररास, पतिनाइकरास, रोकेल, छूरागट्टा, पाकेला, नीलावरम, किंदरवाड़ा सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर



स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।

दौरे के दौरान दीपिका शोरी ने विशेष रूप से स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आश्रमशालाओं का निरीक्षण करते हुए बारिश के मौसम में बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं को लेकर संबंधित जिम्मेदारों से चर्चा की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों तथा आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों से कहा कि लगातार बारिश के कारण बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए बारिश के मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन की गुणवत्ता तथा परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही बच्चों में बीमारी के किसी भी लक्षण की स्थिति में तत्काल आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा संबंधित विभाग को सूचना देने के निर्देश दिए।

दीपिका शोरी ने कहा कि दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बारिश के दौरान आवागमन और मौसम संबंधी परिस्थितियों को देखते हुए स्कूल एवं आश्रमशालाओं में बच्चों की सुविधाओं का नियमित निरीक्षण किया जाना आवश्यक है।

जिले के जगह-जगह जनसमस्याओं का जायजा लेते हुए किए श्री गणेश के दर्शन

दौरे के दौरान जिले के एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक जन समस्याओं का जायजा लेते हुए दीपिका शोरी ने विभिन्न गांवों में श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित गणेश उत्सव में भी सहभागिता की। उन्होंने डोलेरास, कुन्दनपाल, भण्डाररास, पतिनाइकरास, रोकेल, छूरागट्टा, पाकेला, नीलावरम, किंदरवाड़ा,चिपुरपाल,सौतनार,कोकावाड़ा, जांगरपाल, बकुलाघाट,कोंटा,कूकानार, उरमापाल, सहित विभिन्न स्थानों पर स्कूल,आश्रम शाला, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति उनकी मौसमी बीमारी आदि से उनकी उचित देखभाल एवं अन्य जनसमस्याओं को देखते हुए उसके निदान हेतु जिम्मेदारों को निर्देश देते हुए उन स्थानों पर विराजमान श्री गणेश जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की।

उन्होंने भगवान श्री गणेश से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। ग्रामीणों और गणेश उत्सव समितियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत भी किया गया।

लगातार बारिश के बीच भी गांव-गांव पहुंचकर लोगों से संवाद करने और धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के साथ-साथ शिक्षा एवं बाल स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी लेने को लेकर ग्रामीणों ने दीपिका शोरी के दौरे को सराहा।

दीपिका शोरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना और संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक पहल करना उनकी प्राथमिकता है। बारिश हो या अन्य परिस्थितियां, जनहित से जुड़े विषयों पर जमीनी स्तर तक पहुंचना आवश्यक है।

## आस्था के प्रतीक दंतेश्वरी माता के सोने के छत्र से कीमती पट्टियां गायब

**जगदलपुर, 25 सितंबर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा अपनी अनोखी परंपराओं के लिए जाना जाता है। इस पर्व की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहाँ रावण दहन के बजाय मां दंतेश्वरी और देवी शक्तियों की आराधना की जाती है। दशहरा पर्व और अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों के दौरान 'टेंपल कमेटी' की ओर से देवी की पूजा के लिए बहुमूल्य सोने-चांदी के आभूषण और छत्र (श्रृंगार सामग्री) सौंपे जाते हैं, जिन्हें कार्यक्रम समाप्त होते ही वापस जमा कर लिया जाता है। बीते कई दशकों से यह परंपरा इसी तरह पारदर्शी रूप से चली आ रही है। लेकिन इस वर्ष सामने आई तस्वीरों ने श्रद्धालुओं और प्रशासन को स्तब्ध कर दिया है।

# केलो तट के स्थायी विकास के साथ 8.50 एकड़ में बनेगा ऑक्सीजोन

## सेवा संकल्प अभियान में खर्राघाट में 29.99 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, वित्त मंत्री चौधरी ने स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 25 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को खर्राघाट में स्वच्छता अभियान के साथ केलो नदी तट के स्थायी विकास की शुरुआत हुई। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने 29.99 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने भी अभियान में हिस्सा लेकर खर्राघाट घाट और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और छत्तीसगढ़ राज्यगीत के साथ हुई। इसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया। वित्त मंत्री चौधरी ने स्वयं श्रमदान करते हुए कहा कि केवल एक दिन की सफाई से स्वच्छता कायम नहीं रह सकती। इसके लिए निरंतर प्रयास और नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से केलो नदी, घाट और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की। इसी दौरान वित्त मंत्री ने केलो नदी में डुबकी लगाई और नदी को नमन किया। उन्होंने कहा कि केलो नदी रायगढ़ की पहचान, आस्था और संस्कृति से जुड़ी है।

### 29.99 करोड़ की स्वीकृति, 26.39 करोड़ में हुआ अनुबंध

परियोजना के लिए सीएसआर मद से 29.99 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति मिली है। कार्य की अनुबंधित राशि 26.39 करोड़ रुपये है। कार्यादेश 24 जून 2026 को जारी किया गया है और कार्य को दो वर्ष की अवधि में पूरा किया जाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि कोशिश रहेगी कि कार्य निर्धारित अवधि से पहले पूरा कर इसे जनता को समर्पित किया जाए। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता और विकास को एक साथ जोड़कर काम किया जा रहा है। खर्राघाट में श्रमदान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही स्थायी विकास कार्यों की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि केलो नदी और उसके घाट रायगढ़ की पहचान का हिस्सा हैं। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने रायगढ़ में हरित क्षेत्र बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के बीच शहर में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। ऐसे में ऑक्सीजोन और हरित क्षेत्र विकसित होने से नागरिकों को बेहतर वातावरण मिलेगा। उन्होंने परियोजना के लिए सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### शनि मंदिर से खर्राघाट तक 2 कि.मी. क्षेत्र होगा विकसित

परियोजना के तहत शनि मंदिर से खर्राघाट पुल तक करीब 2 किलोमीटर सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा। सड़क के साथ नाली निर्माण, पैदल पथ और नदी तट का सौंदर्यीकरण होगा। पचरी घाट का नवीनीकरण एवं सुधार किया जाएगा तथा घाट को पाथवे से जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग विकसित किया जाएगा। शनि मंदिर के पास तिराहे का चौड़ीकरण कर यातायात व्यवस्था को भी बेहतर किया जाएगा। खर्राघाट में करीब 8.50 एकड़ में ऑक्सीजोन विकसित किया जाएगा। यहां सघन पौधरोपण, पार्किंग, पाथवे, घाट तथा व्यायाम एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं होंगी। ऑक्सीजोन और घाट के बीच सुरक्षित आवागमन के लिए मौजूदा पुल के नीचे अंडरपास यानी बॉक्स कल्वर्ट बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ शहर में हरित क्षेत्रों के विस्तार पर भी लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विकसित किए जा रहे गार्डन और ऑक्सीजोन का उल्लेख करते हुए आने वाले वर्षों में इनके विस्तार की बात कही।

## समाचार संक्षेप

### रायगढ़ में दूसरा समुदाय-आधारित फोस्टर केयर प्लेसमेंट सफल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** बाल संरक्षण और बच्चों के सर्वोत्तम हित को प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ जिले में दूसरा समुदाय-आधारित फोस्टर केयर (पोषण देखरेख) प्लेसमेंट सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसके तहत समुदाय स्तर पर चिन्हांकित एक बालक को फोस्टर परिवार की पोषण देखरेख में सौंपा गया। खास बात यह है कि बालक और फोस्टर परिवार एक ही समुदाय से हैं, जिससे बच्चे को परिचित सामाजिक परिवेश में पारिवारिक वातावरण मिल सकेगा।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में बाल संरक्षण एवं संकटग्रस्त बच्चों के पुनर्वास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई की तत्परता से इस प्रकरण की आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। बाल कल्याण समिति, रायगढ़ के अध्यक्ष गेवेश नायक तथा सदस्य रूपलाल चौहान, निवेदिता पटनायक, दिव्या पांडेय एवं मृदुला सिसौदिया ने प्रकरण का अवलोकन कर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। विधिक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बालक के फोस्टर केयर प्लेसमेंट को स्वीकृति दी गई।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालय में रिक्त सीटों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**रायगढ़, 25 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय गढ़उमरिया में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए कुल 11 रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 26 सितंबर 2026 तक विद्यालय परिसर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शनिवार को भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय गढ़उमरिया के प्रशासकीय अधिकारी सह प्राचार्य ने बताया कि रिक्त सीटों में अजा वर्ग में बालक के लिए 7, पीवीटीजी वर्ग में बालक के लिए 3 तथा सामान्य वर्ग में बालिका के लिए 1 सीट शामिल है। रिक्त सीटों की संख्या परिवर्तनशील हो सकती है। आवेदन के साथ विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं की मूल अंकसूची, निवास, जाति प्रमाण पत्र तथा प्राचार्य सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### फसल बीमा पाठशाला में महिला किसानों को मिला सुरक्षा का संबल

**रायगढ़, 25 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में कृषि विभाग एवं एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफइंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में फसल बीमा पाठशाला के तहत महिला किसानों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला किसानों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देकर उन्हें योजना से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि रायगढ़ अनिल वर्मा, सहायक संचालक कृषि अजय कुमार जायसवाल, सौरव पटेल, सीताराम सिदार, एआईसी के जिला समन्वयक संजीव कुमार साहू एवं भिखम साहू उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि ने महिला किसानों को किट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग एवं एआईसी के अधिकारियों ने महिला किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों, फसल बीमा के महत्व और फसल को विभिन्न जोखिमों से होने वाले नुकसान की स्थिति में बीमा सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### मातृ वंदना के साथ महतारी वंदन योजना बनी माताओं का सहारा

**रायगढ़, 25 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और महतारी वंदन योजना से रायगढ़ की माताओं को स्वास्थ्य, पोषण और घरेलू जरूरतों के लिए आर्थिक संबल मिल रहा है। योजना से लाभान्वित मीना राय और निरूपा वैष्णव सेवा की कहानी में अपने अनुभव साझा करते हुए बताती हैं कि इन योजनाओं से मिलने वाली सहायता उनके लिए मातृत्व के दौरान काफी उपयोगी साबित हो रही है। रायगढ़ निवासी मीना राय ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी के साथ फॉर्म भरने में मदद मिली। जिसके बाद उन्हें पात्रतानुसार पहले बच्चे के समय 5 हजार रुपए और दूसरे बच्चे के समय 6 हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। वे बताती हैं कि इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने पोषण और स्वास्थ्य के लिए फल सहित अन्य जरूरी खाद्य सामग्री खरीदने में किया। इसके साथ ही उनके लिए महतारी वंदन योजना भी सहारा बनी है। हर महीने मिलने वाले 01 हजार रुपए की राशि का उपयोग वे बच्चों और परिवार की जरूरतों में कर रही हैं।

# 145 करोड़ से बनेगा छुरा-राजिम मुख्य मार्ग

## 43.20 किलोमीटर हिस्से के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का विधिवत भूमिपूजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 25 सितम्बर।** लंबे समय से संकरी सड़क, गड्ढों और बदहाल आवागमन की परेशानी झेल रहे राजिमङ्कछुरा क्षेत्र के लिए गुरुवार का दिन अहम रहा। आसमान से बारिश की झड़ी लगी थी, लेकिन विकास के इस कार्यक्रम में उत्साह थमने का नाम नहीं ले रहा था। बरसते पानी के बीच राजिम विधायक रोहित साहू ने छुरा-राजिम मुख्य मार्ग के 43.20 किलोमीटर हिस्से के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। विधायक के पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश कर उनका जोशीला स्वागत किया।

सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की शुरुआत के साथ ही वर्षों से इस मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर उठती आ रही आवाजों के बीच अब बदलाव की उम्मीद जगी है। लंबे समय से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और संकरी सड़क के कारण वाहन चालकों तथा आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता रहा है। प्रस्तावित कार्य के पूरा होने के बाद इस मार्ग पर आवागमन को अधिक सुगम बनाने की उम्मीद है।

**बारिश बरसती रही, स्वागत में फूल बरसते रहे:** गुरुवार को भूमिपूजन कार्यक्रम में मौसम ने साथ नहीं दिया, लेकिन कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। बारिश के बीच बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी कार्यक्रम स्थल पर जुटे। विधायक रोहित साहू के पहुंचते ही फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने पूजा-अर्चना कर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

विधायक बोले-जनता की पुरानी मांग अब धरातल पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता की बहुत पुरानी मांग आज मूर्त रूप ले रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जनता के बीच राजिमङ्कछुरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की बात रखी गई थी। स्वीकृति के बाद अब उसी कार्य का भूमिपूजन जनता के बीच किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सड़क की जर्जर हालत और गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती थी। अब सड़क का कायाकल्प होने जा रहा है और क्षेत्रवासियों को संकरी एवं गड्ढों वाली सड़क से राहत मिलने की उम्मीद है।रोहित साहू ने कहा कि राजिम से कौंदकेरा होते हुए छुरा पहुंचने के दौरान रास्ते के गांवों में जनता और कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह से उनका स्वागत किया, वह उनके लिए जनता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें बेटा और भाई मानकर अपना प्रतिनिधि चुना है और यह विश्वास उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी है।

कार्यकर्ताओं की भीड़ ने दिखाया उत्साह कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, जिला मीडिया संयोजक अमित बखरिया, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, महिला मोर्चा महामंत्री चित्ररेखा ध्रुव, फिंगेश्वर महाविद्यालय अध्यक्ष राजू साहू, खंडमा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री रामलाल कुलदीप, अशोक, यामिनी चंद्राकर, खीरमड़ी हरपाल, चन्द्रिका धीवर, गरिमा ध्रुव, थानसिंह निषाद, डोमार साहू, शांशक चंद्राकर, शंकर सेन, इमरान मेमन, विनय गुप्ता, बलराज पटेल, भोलेशंकर जायसवाल, संतोषी साहू, मीना चंद्राकर, तुलाराम साहू, मुगेश्वरी ठाकुर, धर्मेंद्र चंद्राकर, नरेंद्र पटेल, गणेशु साहू, अशोक करण टंडन, रजनी लहरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### 'वर्षों पुराना सपना साकार': लुकेश्वरी निषाद

नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि राजिमङ्कछुरा क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से सड़क चौड़ीकरण की मांग रही है। उन्होंने कहा कि विधायक रोहित साहू के प्रयासों से आज इस कार्य का भूमिपूजन हुआ है। उन्होंने नगर एवं क्षेत्रवासियों की ओर से विधायक का आभार व्यक्त किया। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि विधायक रोहित साहू के कार्यकाल में क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। सड़क, पुल-पुलिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम हो रहे हैं और छुरा-राजिम मार्ग का चौड़ीकरण इसी क्रम का महत्वपूर्ण कार्य है। जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि क्षेत्र की पुरानी मांग अब धरातल पर उतर रही है। उन्होंने इसे विधायक रोहित साहू के प्रयासों से मिली सौगात बताया।

### 'ढाई साल और बाकी, विकास कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा'

विधायक ने प्रदेश सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा तथा वित्त मंत्री ओपी शर्मा के सहयोग का भी उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि कोमाखान से छुरा होते हुए गरियाबंद तक सड़क चौड़ीकरण की दिशा में भी काम होना है। उन्होंने कहा कि अभी कार्यकाल के ढाई साल हुए हैं और ढाई साल बाकी हैं। जनता का आशीर्वाद मिलता रहा तो आने वाले समय में राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास के और कार्य किए जाएंगे।

### बारिश के बीच भूमिपूजन, सड़क पर बदलाव की उम्मीद

छुरा-राजिम मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की शुरुआत को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के रूप में देखा जा रहा है। जिस मार्ग पर अब तक गड्ढे और संकरी सड़क लोगों की परेशानी का कारण बने हुए थे, उसी मार्ग पर गुरुवार को विकास कार्य की नींव रखी गई। बारिश के बीच हुआ भूमिपूजन कार्यक्रम इस मायने में भी खास रहा कि मौसम की चुनौती के बावजूद कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को जोशीला बना दिया।

### टीबी मुक्त भारत अभियान: घरघोड़ा को क्षय सुरक्षित विखं बनाने मूल्यांकन पूरा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रायगढ़ जिले के घरघोड़ा विकासखण्ड को 'क्षय सुरक्षित विकासखण्ड' घोषित किए जाने की दिशा में निर्धारित मूल्यांकन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। राज्य स्तर से गठित दल तथा बाहरी विशेषज्ञ दल ने घरघोड़ा पहुंचकर टीबी उन्मूलन से जुड़े कार्यों, उपलब्ध सेवाओं और निर्धारित सूचकांकों के आधार पर विकासखण्ड का विस्तृत परीक्षण किया। सत्यापन के दौरान टीम ने व्यवस्थाओं और किए जा रहे कार्यों पर संतुष्टि व्यक्त की।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में चार विकासखण्डों का क्षय सुरक्षित विकासखण्ड के लिए चयन किया गया है। इनमें रायगढ़ जिले का घरघोड़ा विकासखण्ड शामिल है। इस प्रक्रिया के तहत शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न सूचकांकों और मापदण्डों के आधार पर विकासखण्ड में टीबी की पहचान, जांच, उपचार, मरीजों की निगरानी तथा जनभागीदारी से जुड़ी गतिविधियों का परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि जिला एवं विकासखण्ड स्तर की टीम ने निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप आवश्यक तैयारियां पूरी कीं। इसके बाद राज्य स्तर से गठित दल और जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से गठित दल ने घरघोड़ा का मूल्यांकन किया।

### आइस बॉक्स और जाल से मत्स्य कृषकों को मिला सहारा, मछली व्यवसाय में बढ़ेगी आमदनी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के मत्स्य कृषकों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। इसी क्रम में मत्स्य विभाग द्वारा चार मत्स्य कृषकों को आइस बॉक्स एवं जाल वितरित किया गया। इससे उन्हें मछली पकड़ने के साथ-साथ मछलियों के सुरक्षित भंडारण और बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। ग्राम बनसिया की मालती सिदार एवं गुलापी सिदार, ग्राम तिऊरपारा के सतीश बेहरा और बोईरदादर के अभिषेक भौमिक लंबे समय से मछली व्यवसाय से जुड़े हैं। संसाधनों की कमी के कारण उन्हें मछली पकड़ने और उसे सुरक्षित रखने में परेशानी होती थी। विशेष रूप से आइस बॉक्स उपलब्ध नहीं होने से मछलियों को लंबे समय तक ताजा रखना और बाजार तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण था। सेवा संकल्प अभियान के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा ऐसे मत्स्य कृषकों की जरूरतों को चिन्हांकित किया गया। विभाग की सहायता से चार हितग्राहियों को आवश्यक मत्स्य सामग्री के रूप में आइस बॉक्स एवं जाल प्रदान किए गए। इससे उन्हें मछली पालन और व्यवसाय के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध हुए।

# केलो परियोजना में तेजी लाने बनेगा एक्शन प्लान किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधान

## भू-अर्जन एवं मुआवजा प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 25 सितम्बर।** केलो परियोजना अंतर्गत नहर निर्माण कार्य को गति देने और किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ जल्द उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज अपने कक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नहर निर्माण में तेजी लाने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर माहवार लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण से जुड़े भू-अर्जन एवं मुआवजा प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने कहा कि केलो परियोजना से किसानों के खेतों में फसलों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने नहर निर्माण से जुड़े लंबित मुआवजा प्रकरणों की ग्रामवार एवं किसानवार सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक प्रकरण की स्थिति की समीक्षा कर उनका समयबद्ध निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान को नहर निर्माण को लेकर समस्या है तो संबंधित अधिकारी उनसे सीधे चर्चा कर उनकी वास्तविक समस्या को समझें और समाधान करें। उन्होंने निर्माण विभाग एवं प्रशासन के अधिकारियों को प्रभावित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों पर किसी प्रकार की बाधा नहीं है, वहां निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित माहवार लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि केलो नहर के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की बेहतर उपलब्धता होगी। इससे खेती को मजबूती मिलने के साथ फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### सेवा संकल्प अभियान में दिखा स्थानीय हुनर और नवाचार

**रायगढ़, 25 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित खर्राघाट में केलो नदी के तट पर 'लोकल फॉर वोकल' थीम पर स्टॉल लगाए गए। इनमें स्थानीय हुनर, पारंपरिक शिल्प, स्व-सहायता समूहों के उत्पाद और विद्यार्थियों के नवाचार देखने को मिले। किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बांस से एरोप्लेन का आकर्षक डिजाइन तैयार किया। 'इंडिया क्लीन, ग्रीन और टिकाऊ समावेशी विकास' की अवधारणा पर तैयार यह मॉडल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों ने बांस जैसे स्थानीय संसाधन के उपयोग से रचनात्मक सोच और नवाचार का प्रदर्शन किया। स्टॉल में एकताल गांव के शिल्पकारों द्वारा तैयार ढोकरा कला की सामग्रियां भी प्रदर्शित की गईं। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। उद्यानिकी विभाग की ओर से हल्दी, अदरक, ड्रैगन फ्रूट, अमरूद, गेंदा सहित विभिन्न पौधों और उद्यानिकी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

### आयुर्वेद दिवस पर संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताए स्वस्थ जीवनशैली में आयुर्वेद के महत्व



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग रायगढ़ एवं रायगढ़ मेडिकल कॉलेज ऑफआयुर्वेदा के संयुक्त तत्वावधान में आज आयुर्वेद कॉलेज के सभागार में 'स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति, वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता तथा स्वस्थ जीवनशैली में इसकी भूमिका पर विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा परंपरा है, जिसकी उपयोगिता आज के समय में भी बनी हुई है। स्वस्थ रहने के लिए केवल बीमारी का उपचार ही नहीं, बल्कि खान-पान, दिनचर्या और जीवनशैली में संतुलन भी जरूरी है। आयुर्वेद हमें प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने की सीख देता है। उन्होंने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली आयुर्वेदिक औषधियों एवं घरेलू उपचारों की जानकारी साझा करते हुए इनके उचित उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद' का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए, ताकि आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों। इस अवसर पर सभापति डिग्रीलाल साहू एवं मुक्तिनाथ उपस्थित रहे।

## डीएमएफ परियोजनाओं की निगरानी अब क्यूआर कोड से, घरघोड़ा में शुरू हुआ रियल-टाइम सोशल ऑडिट सिस्टम

# हर निर्माण स्थल पर लगेगी क्यूआर पट्टिका, स्कैन करते ही मिलेगी परियोजना की पूरी जानकारी

■ भुगतान से पहले क्यूआर पट्टिका की जियो-टैग फोटो अनिवार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 25 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के सुशासन एवं पारदर्शी प्रशासन के विजन और मार्गदर्शन में रायगढ़ जिला प्रशासन ने डीएमएफ परियोजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू की है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए 'स्टैंडर्डाइज्ड प्रोजेक्ट नेमेनक्लेचर एंड रियल-टाइम क्यूआर सोशल ऑडिट' प्रणाली शुरू की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में घरघोड़ा विकासखंड के लिए स्वीकृत डीएमएफ परियोजनाओं में इसे लागू किया गया है। इस व्यवस्था के माध्यम से परियोजना की स्वीकृति से लेकर उसके क्रियान्वयन और प्रगति तक की जानकारी डिजिटल रूप से उपलब्ध रहेगी। नई व्यवस्था में प्रत्येक परियोजना को एक मानकीकृत प्रोजेक्ट कोड दिया जाएगा।

### क्यूआर पट्टिका की फोटो के बाद ही होगा भुगतान

जिला प्रशासन ने परियोजनाओं में अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भुगतान प्रक्रिया को भी क्यूआर प्रणाली से जोड़ा है। संबंधित ठेकेदार या विभाग को कार्यस्थल पर स्थापित क्यूआर पट्टिका की जियो-टैग और टाइम-स्टैम्प वाली फोटो अपलोड करनी होगी। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही संबंधित माइलस्टोन भुगतान बिलों की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### हर कार्यस्थल पर लगेगी क्यूआर पट्टिका

इस व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी प्रत्येक परियोजना स्थल पर लगाई जाने वाली वेदरप्रूफक्यूआर कोड पट्टिका होगी। पट्टिका को स्कैन करते ही नागरिक परियोजना से संबंधित डिजिटल जानकारी तक पहुंच सकेंगे। इसके लिए किसी विशेष मोबाइल ऐप की आवश्यकता नहीं होगी। सामान्य स्मार्टफोन कैमरे से क्यूआर कोड स्कैन कर परियोजना की स्वीकृत लागत, संबंधित एजेंसी, तकनीकी जानकारी और प्रगति से जुड़ी जानकारी देखी जा सकेगी। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों और ग्राम सभाओं को अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी सीधे देखने और उसकी प्रगति की निगरानी करने का अवसर मिलेगा।

## एक नजर

### शराब पीकर वाहन चलाने पर न्यायालय ने चालक पर किया 10 हजार रुपए का जुर्माना

**बलौदबाजार ,25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। इस दौरान चेकिंग अभियान में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर एक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इस प्रकरण में वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 24.09.2026 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले प्रकरण में वाहन चालक को ?10,000 अर्थदंड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते हुए, पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की भी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।




### आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में होंगे विविध आयोजन

**बलौदबाजार ,25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, महिलाओं तथा समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका एवं मितानिन का सम्मान,महिलाओं एवं बच्चों के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की जानकारी, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के विकास एवं शिक्षा से संबंधित गतिविधियां तथा गरीब एवं कमजोर वर्ग के परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का नियमित टीकाकरण, वजन एवं स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही स्वस्थ शिक्षा, पोषण एवं सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां आयोजित होंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं समुदाय के सहयोग से बच्चों के लिए मनोरंजन, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए जाएंगे। अभियान में स्वास्थ्य शिक्षा, पोषक थाली का प्रदर्शन, पौष्टिक भोजन की विधि का प्रदर्शन, स्वास्थ्य जांच सहित विभागीय योजनाओं के संबंध में जनजागरूकता गतिविधियां भी शामिल हैं। महिलाओं के लिए काउंसलिंग, मेहंदी एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### एआई+ नोवा 2 पावर 5जी लॉन्च, 7000 एमएएच बैटरी और 120 हर्ट्ज डिस्प्ले से लैस

**रायपुर 25 सितंबर।** एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी नोवा 2 सीरीज का नया स्मार्टफोन नोवा 2 पावर 5जी लॉन्च किया है। फोन को नई दिल्ली में आयोजित फैशन शो के दौरान रैंप पर पेश किया गया। इस दौरान स्मार्टफोन के डिजाइन और तकनीक के मेल को खास तौर पर प्रदर्शित किया गया। नोवा 2 पावर में 6.75 इंच का 120 हर्ट्ज एचडी+ डिस्प्ले दिया गया है। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7100 प्रोसेसर, 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी और 33 वॉट फास्ट चार्जिंग की सुविधा मिलती है। फोटोग्राफी के लिए फोन में 48 मेगापिक्सल एआई प्राइमरी कैमरा, 8 मेगापिक्सल अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 13 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा दिया गया है। यह स्मार्टफोन 6 जीबी रैम + 128 जीबी और 8 जीबी रैम + 128 जीबी स्टोरेज विकल्पों में उपलब्ध होगा। फोन को डुअल-टोन ब्लू गोल्ड फ्यूजन और ब्लू फ्यूजन जैसे आकर्षक रंगों में पेश किया गया है। कनेक्टिविटी के लिए इसमें डुअल 5जी सिम, वाई-फाई 6 और ब्लूटूथ 5.4 का सपोर्ट दिया गया है। फोन को आईपी65 रेटिंग भी मिली है, जो इसे धूल और पानी के छींटों से सुरक्षा प्रदान करती है। 15,999 रुपये से शुरू कीमत नोवा 2 पावर 5जी की शुरुआती कीमत 15,999 रुपये रखी गई है। यह कीमत बैंक ऑफर सहित है।

# विसर्जन पर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम,पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदबाजार ,25 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आगामी गणेश उत्सव विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 24.09.2026 की शाम 06:00 बजे बलौदाबाजार नगर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दृष्टिकोण से विशाल फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च:- फ्लैग मार्च का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री खोमन सिन्हा द्वारा किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बलौदाबाजार श्रीमती उषा सोंधिया, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक सहित 50 से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की टुकड़ी शामिल रही। मार्ग एवं भ्रमणः- पुलिस बल का यह फ्लैग मार्च रक्षित केंद्र (पुलिस लाइन) बलौदाबाजार से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य एवं संवेदनशील मार्गों से गुजरा। फ्लैग मार्च गार्डन चौक, नया बस स्टैंड एवं प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों से होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक बलौदाबाजार में जाकर संपन्न हुआ। शांति व सुरक्षा व्यवस्था का दिया संदेशः- फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि विसर्जन कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, आम नागरिकों, गणेश उत्सव समितियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षा का विश्वास दिलाते हुए त्यौहार को शांति, सद्भाव व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री मोनिका मरावी ने बताया कि विसर्जन झांकियों के दौरान शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष रूट प्लान एवं पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस समस्त नागरिकों से अपील करती है कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें।

# आज नहीं निकलेगी विसर्जन झांकी कल 26 सितंबर को होगा आयोजन

■ गणेश समितियों और प्रशासन की बैठक में बनी सहमति, बारिश के चलते लिया गया निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 सितंबर।** बारिश के चलते गणेश विसर्जन झांकी को लेकर गणेश समितियों और प्रशासन के बीच शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक शुरू हुई। बैठक में मौसम की स्थिति और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। बैठक में लगभग सभी गणेश समितियों ने आज 25 सितंबर को विसर्जन झांकी नहीं निकालने और इसे शनिवार 26 सितंबर को निकालने पर सहमति जताई है। लगातार बारिश के कारण झांकी के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। प्रशासन और समितियों के बीच झांकी के मार्ग, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और विसर्जन से जुड़े अन्य इंतजामों को लेकर भी चर्चा की जा रही है। बैठक में बनी सहमति के बाद अब आज राजनांदगांव शहर में विसर्जन झांकी नहीं निकलेगी।यदि मौसम ने साथ दिया तो 26 सितंबर को गणेश विसर्जन झांकी निकाली जाएगी। समितियों की सहमति के बाद प्रशासन द्वारा भी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर तैयारी की जा रही है। इस बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, डीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, गणेश समिति से भावेश बैद, गोलू गुप्ता, गणेश पावर सहित अन्य समितिओ के सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बाल समाज की झांकी में वृंदावन धामः कृष्ण-राधा संग गुलाल और रंगों की होली से सराबोर होंगे श्रद्धालु

**राजनांदगांव 25 सितंबर।** संस्कारधानी में आयोजित ऐतिहासिक गणेश विसर्जन झांकी के अंतर्गत 'बाल समाज' द्वारा इस वर्ष भगवान श्री कृष्ण और पूज्य श्री राधा रानी जी की अत्यंत मनमोहक झांकी निकाली जा रही है। बाल समाज के संयोजक दामू भूतड़ा एवं विसर्जन झांकी प्रभारी मनीष खण्डेलवाल ने बताया कि इस बार झांकी में राधा-कृष्ण के अलौकिक होली महोत्सव को दर्शाया गया है। झांकी का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की 8 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा है, जिसमें वृंदावन की रासलीला, गोपियों और भक्तों के साथ रंगों व गुलाल की होली खेलते हुए दृश्य प्रस्तुत किए गए हैं। कुल 3 जीपों में तैयार की गई इस झांकी को देखकर ऐसा प्रतीत होगा मानो साक्षात श्री वृंदावन धाम राजनांदगांव की गलियों में उतर आया हो। बाल समाज के अध्यक्ष नीरज पोरवाल ने कहा कि इस भव्य झांकी का मुख्य उद्देश्य समाज में भक्ति, भाईचारा और आनंद का संदेश फैलाना है। बाल समाज शहर की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित समिति है, जिसकी स्थापना सन् 1934 में हुई थी। संस्था की एक विशेष परंपरा यह भी है कि यहाँ प्रसिद्ध मूर्तिकार पांडुरंग के यहाँ से रिद्धि-सिद्धि के साथ श्री गणेश जी की प्रतिमा लाई जाती है। लगभग 92 वर्ष पुरानी इस संस्था की पहली विसर्जन झांकी कभी बैलगाड़ी पर निकाली गई थी। बीते वर्षों में समिति ने 'आजादी का 75वाँ अमृत महोत्सव', 'ऑपरेशन सिंदूर' तथा कई देशभक्ति व धार्मिक विषयों पर आकर्षक झांकियों का निर्माण कर जनमानस को मंत्रमुग्ध किया है। जगदीश प्रसाद अग्रवाल, खूबचंद पारख, श्रीकिशन खण्डेलवाल, मोहन अग्रहरि, पूर्व महापौर अजीत जैन, सूर्यकांत चितलांग्या, बिसन अग्रवाल, संतोष हूंका एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य। झांकी प्रभारी व सदस्य मनीष खण्डेलवाल, पवन डागा, नंदू भूतड़ा, सचिन अग्रहरि, मनोज बैद, कैलाश राठी, राजू खण्डेलवाल, महेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सूर्यकांत जैन, सुरेश पोरवाल, मोहन मेश्राम, राघव गांधी, शौर्य अग्रवाल, तनय खण्डेलवाल, गंधर्व हूंका, सारांश खण्डेलवाल, विशाल भोजानी आदि।?उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रूपेश गुप्ता द्वारा प्रदान की गई है।




## तय समय पर नॉन एवं एफसीआई में चावल जमा कराएं मिलर्सःकलेक्टर



**बलौदाबाजार,25 सितंबर।** एफसीआई एवं नान मे चावल जमा करने मे जिन मिलर्स के द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है उन्हें अब तय समय पर चावल जमा करना होगा। लापरवाही या कोताही बरतने पर सम्बधित मिलर्स को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे खाद्य विभाग के अधिकारियो एवं मिलर्स की बैठक लेकर चावल जमा करने के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि अब तक जिले के 29 मिलर्स के द्वारा लगभग 17413 मेट्रिक टन चावल नान एवं एफसीआई मे जमा करना शेष है। उन्होंने सभी मिलर्स से चावल जमा करने मे हो रही देरी के सम्बन्ध मे जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिये कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मिकर्स आगामी अक्टूबर माह तक शत प्रतिशत चावल जमा करें। किसी मिलर्स द्वारा कोताही बरतने पर जांच और ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही होगी।

कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि प्रत्येक मिलर्स के द्वारा शेष चावल की मात्रा के अनुसार प्रतिदिन एवं प्रति सप्ताह चावल जमा करने का लक्ष्य निर्धारित करें और इसकी सख्त मॉनिटरिंग करें। चावल जमा करने मे मिलर्स वाहन की संख्या उसी अनुपात मे व्यवस्था कराएं। बैठक मे खाद्य अधिकारी पुनित वर्मा सहित डीएमओ एवं खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी और मिलर्स उपस्थित थे।

### विश्व रेबीज दिवस पर बीमारी रोकथाम के लिए टीकाकरण का आयोजन 28 सितम्बर को

**बलौदबाजार ,25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त पशु चिकित्सालयों में प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्व रेबीज सप्ताह का आयोजन किया जाएगा । विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर रेबीज बीमारी की रोकथाम हेतु श्वान प्रजाति के पशुओं में एंटीरेबीज टीकाकरण किया जा रहा है। रेबिज एक विषाणु जनित घातक बीमारी है, जो कि मानव मस्तिष्क को प्रभावित करती है तथा प्रतिवर्ष होने वाले हजारों मौतों का कारण भी बनती है। यह मुख्य रूप से पशुओं की बीमारी है लेकिन संक्रमित पशुओं द्वारा मनुष्यों में भी हो जाता है। रेबिज रोग का विषाणु संक्रमित पशुओं के लार में पाया आता है, और जब ऐसे पशु मनुष्य अथवा अन्य पशु को काट लेता है तब यह विषाणु संबंधित के शरीर में प्रवेश कर जाता है। एंटीरेबीज टीका रेबीज की बिमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है क्योकि मरिज में एक बार लक्षण प्रतीत होने के उपरांत उस बीमारी का इलाज संभव नही होता है।

### स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार के लिए आवेदन 5 अक्टूबर तक

**बलौदबाजार ,25 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिक, संस्था को स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार प्रदाय किया जाता है, जिसके अंतर्गत रूपये 2 लाख एवं प्रशास्ति पत्र प्रदान की जाती है। श्रम विभाग की वेबसाईट shramevjayate.cg.gov..in/alankran.asp& में जाकर 5 अक्टूबर 2026 ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। श्रम के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऐसी श्रमिक, संस्था का उनके उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चयन किया जायेगा जिन्होंने मजदूरों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में विशेष कारगर उपाय किया हो, जिसके फलस्वरूप आलोच्य वर्ष में कोई गंभीर दुर्घटना न हुई हो एवं सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया हो, जिससे प्रदेश का नाम श्रम जगत में गौरवान्वित हुआ हो।

## 'गोल्डन आवर' में बचेंगी जानें, पीएम राहत योजना को लेकर बलौदाबाजार में संयुक्त कार्यशाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदबाजार ,25 सितंबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को अति-महत्वपूर्ण समय यानी 'गोल्डन आवर' में त्वरित चिकित्सकीय सहायता एवं आर्थिक राहत उपलब्ध कराकर अनमोल जानें बचाने के उद्देश्य से 'पी.एम. राहत योजना' का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। ?उक्त जनकल्याणकारी योजना का पारदर्शी लाभ जिले के प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाने तथा पुलिस व स्वास्थ्य तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के ध्येय से पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशानुसार दिनांक 18,22,23 सितम्बर को अनुविभाग स्तरीय संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासकीय व निजी अस्पतालों में 1.50 लाख तक कैशलेस इलाजः- कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप पुलिस अधीक्षक (यातायात ) श्री संजय कुमार साहू एवं जिला डीआरएम (छत्रऋ) श्री मनोज मांडले द्वारा उपस्थित चिकित्सकों व पुलिस अधिकारियों को योजना की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पीएम राहत योजना के अंतर्गत ?1.50 लाख तक का त्वरित कैशलेस इलाज प्रदान किया जाता है। यह सुविधा जिले के सभी पंजीकृत शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ निजी (प्राइवेट) अस्पतालों में भी अनिवार्य रूप से लागू है, ताकि इलाज के अभाव में किसी घायल की जान न जाए। आयोजित अनुविभाग स्तरीय कार्यशाला में पृथक पृथक दिवस जिले के समस्त विवेचक व cctns आरक्षक एवं सरकारी अस्पताल /प्रायवेट अस्पताल के TMS ऑपरेटर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।'गोल्डन आवर' में जीवन रक्षा सर्वोपरिः- ?कार्यशाला के अंत में अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद का शुरुआती 01 घंटा (गोल्डन आवर) किसी भी घायल के लिए जीवन-मरण का प्रश्न होता है। योजना का मुख्य ध्येय यही है कि वित्तीय या प्रशासनिक रुकावटों के बिना पीड़ित को सर्वोत्तम इलाज मिल सके। पीएम राहत योजना अंतर्गत अब तक 144 आहत केसलेश इलाज का लाभ ले चुके हैं जिसे शत प्रतिशत करने लगातार प्रयास किये जा रहे हैं बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस एवं जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे दुर्घटना पीड़ितों की मदद हेतु सहर्ष आगे आएं।



## कसडोल में दिव्यांगजन, चिन्हांकन सह वितरण शिविर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत् जनपद पंचायत अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल कसडोल में दिव्यांगजनों हेतु चिन्हांकन प्रमाणीकरण एवं ऑन द स्पॉट कृत्रिम अंग,कैलिपर्स एवं स्प्लिंट वितरण शिविर आयोजित किया गया जिसमें कुल 186 दिव्यांगों का पंजीयन एवं 56 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और कैलिपर्स निर्माण कर वितरण किया गया तथा 68 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। इस निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर मे बड़ी संख्या मे उपस्थित दिब्यांगजनों के कृत्रिम अंग निर्माण हेतु एलिम्को टीम द्वारा चिन्हांकन एवं माप लिया गया। इसके साथ ही पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ.सनम जांगड़े ने नशामुक्त अभियान के तहत् नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई । शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश साहू, उपाध्यक्ष सत्यभामा साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत देवानंद नायक, सुदीप मानिकपुरी, ज़ीवर्धन बरिहा, एसडीएम रामरतन दुबे, सीईओ कमलेश साहू, उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल,मापन हेतु एल्मिको टीम उपस्थित रहें।

# दुर्घटना रोकने के लिए मवेशी धरपकड़ अभियान जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 सितंबर।** हाईवे पर एवं शहर के चैक चैराहो में दुर्घटना से मवेशियो का बचाने कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देश पर नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाकर मवेशी पकड़ काजी हाउस छोडा जा रहा है,। निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम के निर्देश पर गणेश पर्व के दौरान निगम की टीम दिन व रात दो पालियो में अभियान चलाकर मवेशी पकडने की कार्यवाही कर रही है। आज टीम के द्वारा आर.के.नगर रोड, कमला कालेज रोड, बसंतपुर शुकला हास्पिटल रोड, दीनदयाल कालोनी रोड, लालबाग सिंधी कालोनी, शीतला माता मंदिर क्षेत्र से 13 मवेशी पकड रेवाडीह काजी हाउस में छोडे। इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायत तथा निदान 1100 व मुख्यमंत्री हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकडा जा रहा है तथा बीमार व दुर्घटना से घायल मवेशी ईलाज के लिए आरोग्यंम गौशाला छोड़ा जा रहा है एवं रात में टीम द्वारा मवेशी हकाला भी जाता है। आयुक्त श्री मरकाम ने टीम से कहा है कि कल गणेश विसर्जन के दौरान दिन रात मवेशी पकडने व हकालने टीम सक्रिय रहेगी। रात्रि में झाकी रूट में मवेशी दिखने पर हकालने का काम सक्रियता से करेगे। निर्देशानुसार मवेशी पकडने की टीम चैक चैराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर कर रही है। आज 13 मवेशी पकड रेवाडीह काजी हाउस छोडे तथा निदान 1100 व मुख्यमंत्री हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ईस्कान सिटी, तुलसीपुर सहित अन्य क्षेत्रों से मवेशी पकडा गया। इसके अलावा फरहद चैक से एक दुर्घटना से घायल मवेशी तथा फरहद रोड व मोहारा ओव्हर ब्रिज के नीचे से एक बीमार गाय लाकर ईलाज के आरोग्यम गौशाला छोडा गया।

आयुक्त श्री मरकाम ने बरसात में दुर्घटना से बचने एवं मवेशियो को भी दुर्घटना से बचाने मवेशी मालिको से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चैक-चैराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्यवाही करते हुये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

## निगम आयुक्त ने कार्यालय का निरीक्षण कर कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 25 सितंबर।** नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम आज सुबह निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर समय पर उपस्थित होने कर्मचारियों को निर्देशित किये। उन्होंने प्रार्थना में सभी कर्मचारियो की उपस्थिति सुनिश्चित कराने कार्यालय अधीक्षक से कहा। आयुक्त श्री मरकाम द्वारा नगर निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रार्थना में आकर कहा कि सभी कर्मचारी सुबह 10 बजे कार्यालय पहुचकर प्रार्थना में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में अवगत कराने उन्होंने प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव को निर्देशित किए। उन्होंने अधीक्षक से कहा कि समय पर उपस्थित नहीं होने वाले कर्मचारी का अनुपस्थिति लगावे, सभी कर्मचारी कार्यालय आने के पश्चात अपने निर्धारित टेबल में बैठकर कार्य संपादित करेंगें। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम जनता से सीधा जुडा विभाग है। जहॉ मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा राशन कार्ड, निराश्रित पेशन, जन्म-मृत्यु, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्य होते है।



## बिहान योजना से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही संतोषी वर्मा,अगरबत्ती निर्माण और बाड़ी से बढ़ी आमदनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 सितंबर।** महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। जिले के ग्राम भद्रापाली की संतोषी वर्मा भी महिला शक्ति स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने हुनर को रोजगार का माध्यम बना रही हैं। संतोषी वर्मा ने बताया कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्होंने अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत वे घर पर ही अगरबत्ती बनाने का कार्य कर रही हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बाड़ी में हल्दी और जिमीकंद की खेती भी शुरू की है। तैयार उपज को बाजार में बेचकर उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। संतोषी वर्मा का कहना है कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें घर से ही काम करने और अपनी आय बढ़ाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी हम महिलाओं को बिहान से जोड़कर आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं।बिहान योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं प्रशिक्षण, स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

## एक नज़र



रायपुर, 25 सितंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में एकात्म मानववाद के प्रणेता और प्रखर राष्ट्रचिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

### किरण सिंह देव का योगेश ने किया स्वागत



रायपुर, 25 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता माननीय किरण सिंह देव जी दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ लेने के पश्चात आज छत्तीसगढ़ वापस लौटे। उनके रायपुर आगमन पर एयरपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। रायपुर एयरपोर्ट से देवेंद्र नगर स्थित अपने निवास पहुंचने के पश्चात सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी अपने साथियों के साथ उनके निवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने किरण सिंह देव जी से आत्मीय मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा कुशलक्षेम जाना।

### शंकराचार्य आश्रम में चातुर्मास व्रत की सम्पूर्ति सभा

रायपुर, 25 सितंबर। जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के द्वितीय चातुर्मास व्रत की सम्पूर्ति सभा आज 25 सितंबर को सायं 6 बजे आयोजित किया गया है। दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के द्वितीय चातुर्मास व्रत की सम्पूर्ति सभा में गुरु परिवार के सदस्य सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि 26 सितम्बर शनिवार को भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा के पूजन उपरांत द्वितीय चातुर्मास व्रत की सीमा उल्लंघन यात्रा राजधानी के विभिन्न मार्गों से होते हुए मां गोदावरी आनंदवन आश्रम गोमची नंदनवन रायपुर पहुंचेगी। जहां दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज का गुरु पादुका पूजन वैदिक विधि विधान और मंत्रोच्चारण के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी एवं कल्पना योगेश तिवारी (अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा) समस्त गुरु परिवार के सदस्यों के साथ संपन्न करेंगे।

### भाजपा सरकार में स्कूली शिक्षा का सिस्टम फेल : कांग्रेस

रायपुर, 25 सितंबर। प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के तिमाही परीक्षा पत्रों के व्हाट्सएप पर लीक होने और एक दिन पहले ही निजी दुकानों से प्रिंट आउट निकाले जाने पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि साय सरकार में छत्तीसगढ़ की पूरी शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर आ चुकी है। जिस परीक्षा पत्र को अत्यंत गोपनीय और सीलबंद लिफ़ाफ़े में स्कूलों तक पहुँचना चाहिए था, वह परीक्षा से एक दिन पहले व्हाट्सएप ग्रुपों में तैर रहा है और बाजार में खुलेआम फोटोकॉपी दुकानों पर बिक रहा है। भाजपा सरकार ने राज्य के लाखों नन्हे-मुन्ने बच्चों के भविष्य और परीक्षा प्रणाली की साख को कौड़ियों के भाव बेच दिया है। यह सिर्फप्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के गरीब और ग्रामीण बच्चों के भविष्य के साथ संगीन अपराध है। जरा भी नैतिकता बांकी है तो प्रदेश के शिक्षा मंत्री को तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को ''स्मार्ट'' बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि सरकारी परीक्षा प्रणाली को व्हाट्सएप ग्रुप और फोटोकॉपी दुकानों के हवाले कर दिया गया है, इससे परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता और साख पूरी तरह खत्म हो चुकी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय शुरू कर छत्तीसगढ़ के गरीब बच्चों को विश्वस्तरीय और पारदर्शी शिक्षा प्रणाली निःशुल्क दी थी, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार हर सुविधा का शुल्क वसूल करके भी शासकीय शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता ही खत्म कर रही है।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर कार्रवाई की मांग

# चुनाव कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसी बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़े, पुलिस से झूमाझटकी भी की





रायपुर, 25 सितम्बर। राजधानी रायपुर में शुक्रवार को बरसते पानी में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन कार्यालय का घेराव करने के साथ ही पुतला दहन भी किया। प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने निर्वाचन कार्यालय के आसपास कई लेयर में बैरिकेडिंग की थी, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता तीन बैरिकेड तोड़कर कार्यालय के करीब पहुंच गए।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की और झूमाझटकी भी हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सामने पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोककर उन्हें आगे जाने से रोका। कांग्रेस का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। मतदाताओं के नाम अवैध तरीके से काटे और जोड़े गए, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर काम करने का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी का आरोप है कि चुनाव आयोग सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर काम कर रहा है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची में अनियमितताओं की जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसी मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। फ़िलहाल पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को निर्वाचन कार्यालय के मुख्य परिसर तक पहुंचने से रोक दिया है। कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन और कार्रवाई की मांग जारी है।

# सब्जबाग दिखा रहा टाटा पॉवर

## लोगों को अपना अभिमत रखने समय दिया जाए

रायपुर, 25 सितंबर। छत्तीसगढ़ रिटायर्ड पॉवर इंजीनियर्स -आफिसर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष पीएन सिंह ने सचिव छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत निमायक आयोग को प्रेषित पत्र में कहा है कि टाटा पॉवर से संबंधित पिटीशन में हमारे अतिरिक्त और बहुत सारे लोगों ने निवेदन किया है कि प्रकरण की सुनवाई 15 जनवरी 2027 के उपरांत की जाये ताकि लोगों को पर्याप्त अध्ययन करने के बाद इस प्रकरण मं अपना पक्ष सही ढंग से रखने अवसर मिल सकें।

इन्होंने अपने पिटीशन के पेज नंबर 485 में लिखा है कि रु. 471 में बिजली बाजार से खरीद कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएंगे लेकिन यह देखना पड़ेगा की टाटा पॉवर अन्य राज्यों में यथा मुंबई, उडीसा नाथ दिल्ली एवं अजमेर में किस दर पर बिजली क्रय करते हैं और उपभोक्ताओं को किस दर पर उपलब्ध कराते हैं।

सिंह ने बताया है कि टाटा पॉवर ने कर्नाटक में समान्तर लाईसेंस हेतु आवेदन दिया था। जनता के दबाव में उसे वापस लेना पड़ा। उत्तरप्रदेश में पूर्वांचल एवं दक्षिणाचल बिजली कंपनी में व्यवस्था संभालने के लिए दल-बदल सहित 4 वर्ष पूर्व पहुंचे थे तथा वहां से उन्हें बैरंग वापस जाना पड़ा था। महाराष्ट्र में कई जगह लाईसेंस के लिए आवेदन दिया है वहां की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना होगा। यह अध्ययन करना होगा कि जिन राज्यों में टाटा पॉवर बिजली का वितरण कर रहा है उन राज्यों में उनका परफार्मेंस कैसा है। टाटा पॉवर द्वारा दावा किया गया है कि छत्तीसगढ़ में रु. 435 करोड़ व्यवस्था को सुधारने में खर्च किया जायेगा लेकिन इसका विस्तृत विवरण नहीं दिया गया है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों से यह ज्ञात होता है कि यह संपूर्ण प्रकरण टाटा पॉवर अपने शेयर होल्डर्स को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है और यह सब्ज-बाज दिखाया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के चार तहसीलों से बहुत फायदा उठायेंगे। छत्तीसगढ़ में लाईसेंस के लिए जो क्षेत्र चुना गया है वह मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ का सबसे ज्यादा औद्योगिक खपत वाला क्षेत्र है। अतः इसका पूरे छत्तीसगढ़ पर व्यापक असर पड़ेगा। इन्होंने अपने आवेदन में यह भी दावा किया है कि नार्थ दिल्ली में लाईन लॉस 50 प्रतिशत से अधिक था और वह घटकर 10 प्रतिशत से भी कम हो गया है लेकिन इसका कितना लाभ वहां के उपभोक्ताओं को मिला इसका कोई विवरण पिटीशन में दर्ज नहीं है। अतः निवेदन है कि 31 दिसंबर 2026 तक छत्तीसगढ़ के लोगों को अपना अभिमत इस प्रकरण में प्रस्तुत करने के लिए समय दिया जाये और इसके 15 दिन उपरांत इसकी सुनवाई की जाये ताकि छत्तीसगढ़ के आम बिजली उपभोक्ताओं को न्याय मिल सके।

# ज्ञानेश कुमार ने भाजपा के इशारे पर देश के मतदाताओं के खिलाफ षड़यंत्र किया: बैज



रायपुर, 25 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश के एक प्रतिष्ठित अखबार ने दावा किया कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में एसआईआर में मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने में 14 मौकों पर लिखित आपत्तियां व्यक्त किया तथा टिप्पणियां किया लेकिन उनको नजरअंदाज कर दिया गया। यह सारे तथ्य आयोग के रिकार्ड में है जबकि आयोग का काम बहूमत के आधार पर चलता है ऐसे में दो आयुक्तों की आपत्तियां दरकिनार किया जाना, बताता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त अपनी मनमानी चला रहे है। उन्होंने एसआईआर के काम में मनमानी कर देश के 13 करोड़ मतदाताओं का नाम कटवा दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी और शाह के इशारे पर ज्ञानेश कुमार ने पूरे सिस्टम को हाइजैक कर लिया है और वोट चोरी जैसे लोकतंत्र विरोधी काम को अंजाम दे रहे है। मोदी सरकार ने इसी तरह के देश विरोधी षडयंत्रो को अंजाम देने वाले के लिये संरक्षण देने के लिये विपक्ष के सांसदों को सदन से बाहर निकालकर दिसंबर 2023 में एक कानून बनाया जिसके तहत चुनाव आयुक्तों को गिरफ्तारी अभियोजन से संरक्षण प्राप्त है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के ऊपर लगाये गये आरोप प्रमाणित हो रहे है। दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की टिप्पणियों से साफहो गया है कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद के दायित्वों का निर्वहन निष्पक्ष रूप से नहीं कर रहे है। उन्होंने एसआईआर में मतदाताओं का नाम दोषपूर्ण तरीके से करवाया, उनके निर्देशन में किया गया, एसआईआर दोषपूर्ण है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पंद्रह महीने से भी पहले वोट चोरी का मुद्दा उठाया था। आज उनकी बात पहले से भी सही साबित हुई है।

जलभराव





रायपुर, 25 सितम्बर। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण प्रोफेसर कालोनी में जल भराव हो गया है।

# संकेत साहित्य समिति का स्थापना दिवस मनाया गया

रायपुर, 25 सितंबर। 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कोलकाता से पधारे भाषाविद्, साहित्यकार एवं साहित्य त्रिवेणी के संपादक डॉ.कुँवर वीर सिंह मार्तण्ड के मुख्य आतिथ्य, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा की अध्यक्षता एवं भाषाविद् एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.चितरंजन, लब्धप्रतिष्ठ व्यंग्यकार गिरीश पंकज एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.रेशमा अंसारी के सारस्वत अतिथ्य में राजभाषा हिंदी पर केन्द्रित परिचर्चा एवं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात समिति द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा डॉ.कुँवर वीर सिंह मार्तण्ड को संकेत साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित भी किया गया। संकेत साहित्य समिति के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने स्वागत उद्बोधन में राजभाषा हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं अपितु भारतीय संस्कृति की संवाहिका भी है जो देश विदेश में रहे करोड़ों लोगों को आपस में जोड़ती है। पल्लवी झा के सफल संचालन में प्रांत के विभिन्न जिलों से आए जिन कवियों एवं कवयित्रियों ने रोचक काव्य पाठ किया उनमें डॉ.कुँवर वीर सिंह 'मार्तण्ड', डॉ.चितरंजन कर, गिरीश पंकज, डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग', डॉ.रेशमा अंसारी, मीर अली 'मीर', राजेश जैन 'राही' उदयभान सिंह चौहान, सुरेन्द्र रावल, डॉ. दीनदयाल साहू, मधु मार्तंड, संजीव ठाकुर, डॉ.रविन्द्र सरकार, पल्लवी झा, सुषमा पटेल, हरीश कोटक. राजकुमार सोनी, छबिलाल सोनी, गणेशदत्त झा, यशवंत यदु, , राजेन्द्र रायपुरी, विवेक राहटगाँवकर, एच.एल. चन्द्राकर, दिलीप वरवंडकर, डॉ.सिद्धार्थ श्रीवास्तव, राजेन्द्र ओझा, कुमार जगदली, नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा, माधुरी कर, सीमा पांडे, डॉ.कोमल प्रसाद राठौर, मुरलीधर गोंडाने 'नीर', ऋषि साव, मन्नू लाल यदु 'नाथ', डॉ.एन.पी.यादव, वीरेन्द्रशर्मा'अनुज', डॉ(श्रीमती) कमल वर्मा, बीबीपी मोदी, भूपेंद्र शर्मा'भूप', डॉ.गोपा शर्मा, कल्याणी तिवारी, विजया ठाकुर के नाम प्रमुख हैं।

## हमारे पास भी कार्यकर्ता हैं हिमंता पर भूपेश का पलटवार




रायपुर, 25 सितंबर। असम में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर कथित पथराव के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और असम कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधा है। बघेल ने कहा कि अगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश की जा रही है, तो उन्हें डराया नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि हिमंता दूसरे राज्यों में जाते हैं और वहां उनके साथ कुछ नहीं होता, फिर कांग्रेस नेताओं को काले झंडे और पथराव का सामना क्यों करना पड़ा? यह बयान उस घटना के बाद आया है जिसमें कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि नागांव के समागुड़ी इलाके में उसके नेताओं के काफिले पर पत्थर और बोतलें फेंकी गईं। काफिले में बघेल और गौरव गोगोई समेत कांग्रेस नेता मौजूद थे। कांग्रेस ने घटना के लिए भाजपा समर्थकों को जिम्मेदार बताया है, जबकि घटना की परिस्थितियों और जिम्मेदार लोगों को लेकर जांच जारी है। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा, ÷वो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराना चाहते थे कि भूपेश बघेल और गौरव गोगोई पर भी हमला हो सकता हैज लेकिन दांव उल्टा पड़ गया। मैं हिमंता बिस्वा सरमा से कहना चाहता हूं कि आप भी दूसरे प्रदेश जाते हैं, आप पर कुछ नहीं हुआ। बघेल ने एसआईआर को लेकर भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और राहुल गांधी के आरोपों का समर्थन किया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं, चुनाव आयोग के सूत्रों ने एसआईआर समेत सभी फैसलों को तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है।

# बालाजी गार्डन में हवन-पूजन



रायपुर, 25 सितंबर। बालाजी गार्डन सोसाइटी के गणेश मूर्ति की स्थापना की गई थी। आज अंतिम दिन हवन पूजन किया गया जिसमे पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी एवम गोकुल प्रसाद तिवारी ने हवन पूजन कराया। मुख्य पूजा अनिल ओझा ने सपत्नी की। इस हवन में पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, दिलीप अग्रवाल, सोनू सिंघल, मोनू सिंघल, डॉक्टर अरुण अग्रवाल, कैलाश बंसल ने सपत्नी हवन किया तथा इस अवसर पर सबसे वृद्ध महिला ममता जैन, श्रवण जैन, राहुल जायसवाल, देवेंद्र गावंडे, सावित्री दीदी, श्रुति अग्रवाल, कविता रूपेरा, निशा आहूजा सहित बड़ी संख्या में महिला एवम पुरुष भक्त उपस्थित थे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत महाराजबंध तालाब की सफाई





रायपुर, 25 सितंबर। विधायक सुनील सोनी ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आज रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के महाराजबंध तालाब की साफ सफाई की जिसमें सैकड़ों स्थानीयजन सम्मिलित हुए और सबने मिलकर आज एक ही दिन में तालाब को 30- 40 प्रतिशत तक साफ़ कर दिया। उन्होंने इसके लिए सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही इस दौरान सभी ने आगे भी अपने घर, गली, मोहल्ले, तालाबों आदि समेत आसपास की साफ-सफाई का ध्यान रखने और इसमें योगदान देने संकल्प भी लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे व अनेकों गणमान्यजन भी साथ सम्मिलित हुए।

# छग हॉकी लीग के लिए 28-29 को टीम सलेक्शन ट्रायल

## समन्वय और तकनीकी सहायता के लिए खेल विभाग ने अधिकारियों को दी जिम्मेदारी



रायपुर, 25 सितंबर। रायपुर में होने वाले छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के पहले सीजन के टीमों के चयन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। टीमों के चयन के लिए रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के पिच-1 में 28 सितम्बर और 29 सितम्बर को दो दिवसीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। चयन ट्रायल के सुचारू आयोजन, आवश्यक समन्वय एवं तकनीकी सहायता के लिए विभाग ने तीन अधिकारियों की टीम बनाई है। चयन ट्रायल के लिए आवश्यक तकनीकी एवं आयोजन संबंधी कार्यवाही छत्तीसगढ़ हॉकी संघ द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुसार की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने छत्तीसगढ़ हॉकी संघ को परिपत्र जारी कर खिलाड़ियों के चयन ट्रायल के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। विभाग ने निर्धारित तिथियों एवं समय पर चयन ट्रायल के आयोजन के साथ ही ट्रायल प्रारंभ होने के पहले चयन पूर्व मानदंडों और चयन प्रक्रिया का लिखित विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। विभाग ने चयन प्रक्रिया पारदर्शी और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप संपादित कर चयनित 6 टीमों की सूची एवं चयन प्रक्रिया से संबंधित प्रतिवेदन खेल संचालनालय को उपलब्ध कराने को कहा है।

### इन अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

खिलाड़ियों के चयन के लिए होने वाले ट्रायल को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने आवश्यक तकनीकी और आयोजन संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी तीन अधिकारियों को सौंपी है। इनमें खेल अधिकारी दीनू प्रसाद पटेल, रायपुर में हॉकी की वरिष्ठ प्रशिक्षक रश्मि संध्या एक्का और बिलासपुर में वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक राकेश टोप्पो शामिल हैं।

### 21 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक होगी हॉकी लीग, 6 टीमें उतरेंगी

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के पहले सीजन में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह टीमें मैदान में उतरेंगी। इनमें राजधानी रॉयल्स, चित्रकूट चैलेंजर्स, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स, चक्रधर चैंपियंस, न्यायधानी नाइट्स और मैनपाट टाइटन्स शामिल हैं। इन टीमों में खेलने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 28-29 सितम्बर को रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के पिच-1 में सवेरे 9 बजे से आयोजित किए जा रहे हैं।

# स्टेटकॉन में विकसित छत्तीसगढ़ का शंखनाद



रायपुर, 25 सितंबर। छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट सेक्टर को एक नई, आधुनिक और सुव्यवस्थित दिशा देने के उद्देश्य से रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में क्रेडाई छत्तीसगढ़ द्वारा 'स्टेटकॉन 2026' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस राज्य स्तरीय महासम्मेलन की मुख्य थीम ÷बिल्डिंग विकसित छत्तीसगढ़ - टुगेदर टुवर्ड्स 2047÷ रखी गई थी। इस कार्यक्रम में शासन, प्रशासन, रियल एस्टेट डेवलपर्स और उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व ने एक साझा मंच पर आकर राज्य के समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया। सम्मेलन के पहले सत्र 'रिफॉर्म्स टू रियलिटीः शेपिंग सीजीज़ ग्रोथ' में राज्य के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इनमें आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, छत्तीसगढ़ शासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव ऋचा शर्मा और सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक रमेश शर्मा शामिल रहे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26